हरिभूमि
# रायपुर भूमि



स्टेशन का निर्माण कार्य 70 प्रतिशत पूरा इसी वर्ष ट्रेनों का शुरू होगा ठहराव





फोटो- अजय साहू

## नवा रायपुर का उद्योग नगर रेलवे स्टेशन... मेट्रो जैसा लुक, पहली मंजिल से गुजरेगी ट्रेन

ललित राठोड़ ▶▶ रायपुर

महानगरों की तर्ज पर नया रायपुर के उद्योग नगर रेलवे स्टेशन को मेट्रो सिटी के स्टेशन की तरह विकसित किया जा रहा है। इसका 70 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यह प्रदेश का पहला ऐसा रेलवे स्टेशन है, जो आधुनिक मॉडल डिजाइन में बना है, जहां ट्रेनें दूसरी मंजिल से गुजरेंगी। मेट्रो स्टेशन की तरह ही यहां ग्राउंड फ्लोर से कुछ ▶▶ शेष पेज 11 पर



### मेट्रो सिटी की तरह होगा आकर्षक

स्टेशन में जगह का बेहतर उपयोग करने के लिए उद्योग नगर को मॉडल डिजाइन में तैयार किया जा रहा है। यह स्टेशन अन्य स्टेशनों की तुलना में काफी बड़ा है और यहां सामान्य से अधिक जगह है। स्टेशन का लुक मेट्रो सिटी की तरह है। आने वाले समय में स्टेशन में शॉपिंग मॉल की दुकानें खुलने से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

-चंदन कुमार, सीईओ, एनआरडीए

### फिलहाल एक प्लेटफॉर्म से चलेगी ट्रेन

उद्योग नगर में फिलहाल एक ही प्लेटफॉर्म से ट्रेनों का परिचालन होगा, लेकिन भविष्य में यहां प्लेटफॉर्म की संख्या बढ़ाई जा सकती है। बता दें कि स्टेशन में प्रवेश करते ही यात्रियों को प्लेटफॉर्म नहीं मिलेगा। ग्राउंड फ्लोर से करीब 20 सीढ़ियां चढ़कर पहले फ्लोर पर जाना होगा। यहां एनआरडीए ने यात्री सुविधाओं के लिए वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, पेयजल और कैंटीन ▶▶ शेष पेज 11 पर

### नया रायपुर में 4 स्टेशन बना रहा एनआरडीए, सीबीडी स्टेशन तैयार

नया रायपुर में एनआरडीए द्वारा कुल चार रेलवे स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं। इनमें से सीबीडी स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है, यहां ट्रेन रुकती है और अब उद्योग नगर स्टेशन की सुविधा भी जल्द ही यात्रियों को मिलने लगेगी। वहीं मेला स्थल और 'नया रायपुर स्टेशन' के निर्माण में अभी और समय लगेगा। बता दें कि नया रायपुर स्टेशन का काम लंबे समय ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### साय कैबिनेट की बैठक 21 को



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 21 जनवरी को राज्य मंत्रिपरिषद( कैबिनेट) की बैठक होगी। बताया गया है कि इस बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण (26 जनवरी) का अनुमोदन किया जाएगा। साथ ही 23 जनवरी से रायपुर में लागू हो रही पुलिस कमिश्नरी प्रणाली के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। बताया गया है कि पिछली कैबिनेट में कमिश्नरी प्रणाली के संबंध में केवल इसे लागू करने की तारीख पर बात हुई थी। अब प्रणाली से संबंधित विधिक प्रावधान को लेकर कैबिनेट में मंजूरी के लिए विचार-विमर्श करने की संभावना बताई गई है।

### कैशियर ने नौ महीने में उड़ा दिए 11 लाख


रायपुर। डीडीनगर थाने में एक अस्पताल के पार्टनर ने अपने कैशियर के खिलाफ 11 लाख रुपए अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ओम अस्पताल के पार्टनर विनोद अग्रवाल ने ओमप्रकाश गिर के खिलाफ अमानत में खयानत करने की शिकायत की है। विनोद ने पुलिस को बताया कि ओमप्रकाश ने अस्पताल की मिली ऑनलाइन रकम अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराने के बाद अस्पताल के एक महिला स्टाफ के अकाउंट में ट्रांसफर कर 11 लाख रुपए की गड़बड़ी की है।

### आपसी रंजिश के चलते चाकू से हमला, चार गिरफ्तार



रायपुर। मौदहापारा पुलिस ने आपसी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला करने के आरोप में एक नाबालिग सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद अली असगर की शिकायत पर पुलिस ने अयान कुरैशी, फरहान कुरैशी, भोंदा तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। अली असगर ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात पौने 11 बजे वह राजा तालाब स्थित अपने घर जाने एक दवाखाने के पास गाड़ी का इंतजार कर रहा था। इस दौरान चारों बदमाश पुरानी रंजिश को लेकर अली असगर के साथ विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर फरार हो गए।

### 40 हजार का गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार



रायपुर। गंज थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास क्राइम ब्रांच ने एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 हजार रुपए कीमत का चार किलो गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने उत्तरप्रदेश प्रयागराज निवासी राम कैलाश बिंद को गिरफ्तार किया है। राम कैलाश के कब्जे से पुलिस ने राजपूताना होटल के पास से गांजा जब्ती की है।

### छत्तीसगढ़ में था नकली दवा खपाने का इरादा, बड़ा खुलासा होने की उम्मीद

## नकली दवा बनाने वाली कंपनी की तरह इंदौर का पता-ठिकाना भी फर्जी निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

गोगांव के ट्रांसपोर्ट में 25 दिन पहले बरामद की गई दवा की कंपनी की तरह इंदौर का ठिकाना भी फर्जी निकला। हालांकि इंदौर के ट्रांसपोर्ट में दवाओं से संबंधित अहम दस्तावेज खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम के हाथ लगे हैं। अब तक की जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक यह नकली दवा छत्तीसगढ़ में खपाने का इरादा था। अफसरों का मानना है कि मामले में बड़ा खुलासा जल्दी होने की उम्मीद है।

- गोगांव के ट्रांसपोर्ट में 25 दिन पहले मिली थी एंटीबायोटिक दवाओं की बड़ी खेप

गोगांव के गोल्डन नागपुर ट्रांसपोर्ट में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने एंटीबायोटिक टेबलेट की बड़ी खेप पकड़ी थी। दवा के साथ जो कागज मिले थे, उसमें काफी अंतर था। विभिन्न बिंदुओं की जांच के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम मामले में सबूत जुटाने इंदौर गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जांच टीम को वहां थोड़ी सफलता और थोड़ी नाकामी मिली है। जांच टीम को संबंधित ट्रांसपोर्ट में बुक की गई नकली दवाओं के दस्तावेज मिले थे। दस्तावेजों के आधार पर जब जांच टीम दवा बुक कराने वाले की खोज में निकली तो उसमें दर्ज पता फर्जी निकला। इसके पहले दवा बनाने वाली चेन्नई और हिमाचल की जिन तीन कंपनियों का जिक्र था, वह भी फर्जी पाया गया था। अफसरों का दावा है कि दस्तावेजों में इस बात का अहम सुराग मिला है कि नकली दवा छत्तीसगढ़ में खपाने का इरादा था। उनके द्वारा मामले में जल्दी बड़ा खुलासा होने की उम्मीद है।






...कंपनियों की नकली दवाओं के संदेह में ... में छापेमारी, छत्तीसगढ़ में भी अलर्ट

तीन दवाओं की ब्लैकलिस्टिंग से आगे नहीं बढ़ा मामला, होल्ड पर थीं करीब डेढ़ दर्जन दवाएं

### अहम जानकारी मिली

नकली एंटीबायोटिक दवा के मामले में इंदौर से इन्वेस्टीगेशन के बाद टीम वापस आ चुकी है। जांच के दौरान मामले में अहम जानकारी मिली है, जिसके आधार पर बड़ा खुलासा होने की उम्मीद है।

-संजय नेताम, सहायक औषधि नियंत्रक

### नकली सिरप का खेल

करीब चार महीने पहले खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गोबरा नवापारा में नकली कफ सिरप का मामला भी पकड़ा था। इस मामले में इन्वेस्टीगेशन पूरा होने के बाद नवकार मेडिकल स्टोर्स के संचालक के खिलाफ एफआईआर कराई गई थी। एफडीए ने दवा दुकान से बेस्टो-कफ सिरप को संदेह के आधार पर जब्त किया था। जांच में पता चला कि दवा कंपनी ने इस बैच का कफ सिरप ही नहीं बनाया था। इस मामले में राजिम के कुलेश्वर मेडिकल स्टोर्स से भी कफ सिरप बरामद किया गया था, जो उसे पारसमल ने उपलब्ध कराया था।

### सारंगढ़ भाटापारा तक हुई जांच

एंटीबायोटिक की नकली दवा के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम सारंगढ़ और भाटापारा तक जांच कर चुकी है। एक स्थान पर तो संबंधित दवाओं के बारे में अहम सुराग भी मिल चुका है। वहीं एक कारोबारी का लिंक नकली दवा के पुराने लिंक से भी होने का पता चला था। सारंगढ़ में बिना अनुमति दवा संग्रहण का मामला भी बनाया गया था और भाटापारा के कारोबारी से कुछ दवाओं के सैंपल भी जांच के लिए उठाए गए थे। गोगांव में मिले दस्तावेज के आधार खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम की जांच का अगला पड़ाव सारंगढ़ था।

## संदिग्ध हालत में मिलीं कजाकिस्तान की दो महिलाएं, हिरासत में पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा पुलिस ने कजाकिस्तान की दो महिलाओं को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि एक महिला का आठ माह पूर्व वी जा एक्सपायर हो गया है। दूसरी महिला के पास पासपोर्ट नहीं है। दोनों महिलाओं से आईपीएस, सीएसपी तथा आईबी के अफसर पूछताछ कर रहे हैं। दोनों महिलाओं की पुलिस ने गिरफ्तारी की अधिकृत पुष्टि नहीं की है। महिलाओं से पूछताछ तथा पड़ताल करने के बाद पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई करने की बात कह रही है। सूत्रों के मुताबिक, एक महिला टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी, जिसकी आठ माह पूर्व वीज अवधि समाप्त हो गई है। वीजा एक्सटेंशन के लिए महिला द्वारा किसी तरह की प्रोसेस नहीं कराए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। साथ ही महिला ने इस संबंध में डीएसबी को भी जानकारी नहीं दी है। एक अन्य महिला के पास पासपोर्ट नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, उक्त महिला ने पुलिस को अपना पासपोर्ट किसी दूसरी जगह होने की जानकारी पुलिस को दी है। साथ ही महिला ने पुलिस को वाट्सएप के माध्यम से अपना पासपोर्ट मंगाकर दिखाने की बात कही।

- एक महिला की आठ माह पूर्व वीजा समाप्त, दूसरी के पास पासपोर्ट नहीं

### वीजा वायलेशन पर ये कार्रवाई

वीजा नियमों के उल्लंघन करने पर पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय की मदद से संबंधित व्यक्ति को उनके देश डिपोर्ट कर देती है। अगर किसी तरह से अनैतिक कृत्य में शामिल न हो, ऐसी स्थिति में डिपोर्ट किया जाता है। साथ ही संबंधित के पासपोर्ट को ब्लैकलिस्ट कर उसके भारत आने पर रोक लगा दी जाती है। संदिग्ध गतिविधि में शामिल होने पर सजा का प्रावधान है। दोनों महिलाएं रायपुर में क्या कर रही थीं, इसका खुलासा महिलाओं से पूछताछ के बाद होगा।

### युवक के गले में ब्लेड से हमला, तीन गिरफ्तार

रायपुर। पंडरी पुलिस ने आपसी रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट तथा उसके गले में ब्लेड से हमला करने के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सूरज ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात साढ़े नौ बजे के करीब वह अपने चचेरे भाई किशन के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। उसी दौरान पंकज साहू उर्फ पिंटू साहू, दीपक पटेल एवं मोहित पटेल वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर किशन साहू के साथ गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज से मना करने पर तीनों बदमाशों ने किशन के साथ मारपीट की और उसके गले में ब्लेड से हमला कर दिया।

## चिटफंड कंपनियों की संपत्ति कुर्की-नीलामी की फाइलें ढाई साल से डंप

- जिले में 3 लाख से अधिक निवेशकों से 10 अरब 32 करोड़ से अधिक की ठगी
- अब तक करीब 11 हजार निवेशकों को लौटाए गए मात्र 5 करोड़ 37 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

चिटफंड कंपनियों के शिकार निवेशकों की उम्मीदें अब टूटती नजर आ रही हैं, क्योंकि पिछले करीब ढाई साल से निवेशकों को डूबे पैसे रिफंड कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई है। प्रशासन न ही चिटफंड कंपनियों की जब्त की गई संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया कर रहा है और न ही नीलाम हो चुकी संपत्तियों की जमा राशि निवेशकों को लौटाई जा रही है। यही नहीं, पूर्व में चिटफंड कंपनियों के कई डायरेक्टरों की गिरफ्तारी के बाद उनकी निशानदेही पर जिले में कहीं-कहीं उनकी संपत्तियों के बारे में पता भी लगाया जा चुका है, लेकिन इससे संबंधित फाइलों को डंप कर दिया गया है, जिससे इन ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 272 कंपनियों ने 3 लाख से ज्यादा निवेशकों से की है ठगी

जिला प्रशासन के अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में 272 चिटफंड कंपनियों ने 3 लाख 19 हजार 739 निवेशकों से 10 अरब 32 करोड़ 99 लाख रुपए की ठगी की थी। इनमें प्रदेश के दूसरे जिलों के बड़ी संख्या में निवेशकों के साथ चिटफंड कंपनियां भी शामिल हैं। दूसरे जिलों की कंपनियों में भी रायपुर जिले के निवेशकों के पैसे फंसे हुए हैं। रायपुर जिले में चिटफंड कंपनियों की जब्त की गई संपत्तियों की नीलामी से प्राप्त राशि में से अब तक करीब 11 हजार निवेशकों को 5 करोड़ 37 लाख रुपए की राशि लौटाई गई है। यह राशि वर्ष 2019 से लेकर सितंबर 2023 की अवधि के दौरान लौटाई गई है। इसके बाद से चिटफंड कंपनियों की कोई संपत्ति न जब्त की गई और न ही पूर्व में जब्त की गई किसी संपत्ति की नीलामी हो पाई है, जिसके कारण निवेशकों को उनके डूबे पैसे भी मिल नहीं पा रहे हैं।

### फैसला आने पर कार्यवाही

चिटफंड कंपनियों की कुर्की-नीलामी की प्रक्रिया अभी अटकी हुई है। कई प्रकरण कोर्ट में लंबित हैं। फैसला आने पर आगे की कार्यवाही होगी।

-कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर, रायपुर

### कई प्रकरण कोर्ट में लंबित, फैसले का इंतजार

प्रशासन ने चिटफंड कंपनियों में माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड, आरोग्य धन वर्षा डेवलपमेंट, एसपी एंड लैंड, बीएनपी इंडिया, सांई प्रकाश प्रापर्टीज, गुरुकृपा इंफ्रा रियल्टी कंपनियों के डायरेक्टरों की भी कई संपत्तियों को जब्ती बनाया है, लेकिन इन संपत्तियों के हिस्सेदार तथा पैसा लगाने वालों ने संपत्तियों पर हक जताते हुए कोर्ट में याचिका लगा रखी है। इन प्रकरणों में अभी फैसला नहीं आया है। लंबित होने के कारण इन संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया भी रुकी हुई है।

## अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल से गिरकर सुरक्षागार्ड की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के एक अपमार्टमेंट के आठवीं मंजिल से गिरकर एक सुरक्षाकर्मी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। घटना रविवार सुबह की है। सुरक्षा गार्ड आठवीं मंजिल तक कैसे पहुंचा, पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है। मृतक मूलतः मध्यप्रदेश का रहने वाला है। सुरक्षा गार्ड ने खुदकुशी की है या उसे किसी ने ऊपर से धक्का दिया है। इसका खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस के अनुसार अमलीडीह स्थित डॉल्फिन अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल से गिरकर असलम की मौत हो गई। पुलिस को सुबह 8 बजे असलम की गिरकर मौत होने की जानकारी मिली। अपार्टमेंट के रहवासी सुबह जब सोकर उठे तो उन्होंने असलम की लाश जमीन पर पड़ी देखी। स्थानीय लोगों ने नशे की झोंक में असलम के गिरने की आशंका जताई है, लेकिन पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। रायपुर पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और उनसे भी पूछताछ की जाएगी।



## नमी के साथ बढ़ रहा रात का तापमान दो डिग्री की बढ़ोतरी, ठंड का असर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाली नमी की वजह से अब दिन के साथ रात का तापमान भी बढ़ने लगा है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश का न्यूनतम पारा एक से दो डिग्री तक चढ़ा है। अगले छह सात दिनों तक इसमें वृद्धि होने की संभावना है, हालांकि अभी ठंड का असर जारी है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अंबिकापुर में 5, माना में 12 और रायपुर में 13 डिग्री सेल्सियस पारा दर्ज किया गया।

- अंबिकापुर में 5, माना में 12 और रायपुर में 13 डिग्री हुआ पारा




जनवरी महीने में अब तक पड़ रही कड़ाके की ठंड से कुछ दिनों तक राहत मिलने की संभावना बन गई है। राज्य में आने वाले नमीयुक्त हवा के असर से पिछले चौबीस घंटे में रात के पारा में थोड़ी बढ़ोतरी का दौर शुरू हो गया है। उत्तरी और मध्य हिस्से के शहरों में न्यूनतम तापमान में एक से दो ▶▶ शेष पेज 11 पर

### कोरोनाकाल में पीएम केयर मद से अस्पताल परिसर में लगाया था

## डीकेएस का चार साल से बंद पड़ा ऑक्सीजन प्लांट अब आएगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोरोनाकाल के अंतिम दिनों लगभग साठ लाख रुपए की लागत से स्थापित लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट चार साल बाद डीके हास्पिटल में लगाई गई पाइपलाइन से कनेक्ट होगा। स्थापना के बाद विभिन्न तकनीकी पेचीदगियों को सुलझाते लंबा समय बीत गया। इसके अलावा लिक्विड पुराने प्लांट को सुचारू रूप से चलाने जरूरी पार्ट्स की खरीदी की जाएगी। पिछले दिनों चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के निर्देश के बाद इसका काम शुरू होने की उम्मीद है।

- पुराने ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत के लिए भी खरीदे जाएंगे जरूरी पार्ट्स






हरिभूमि सरोकार

कोरोनाकाल में संक्रमितों के लिए ऑक्सीजन की जरूरतों का ध्यान रखते हुए प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई थी। इसमें डीके हास्पिटल भवन के पिछले हिस्से में लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की ▶▶ शेष पेज 11 पर

### एमसीएच हॉस्टल का निर्माण शुरू

डीके हास्पिटल में संचालित एमसीएच की पढ़ाई करने वाले डॉक्टरों के लिए आवासीय क्वार्टर बनाने का काम भी शुरू हो गया है। इसका निर्माण अस्पताल परिसर के पिछले हिस्से में विद्युत विभाग के कार्यालय के समीप किए जाना प्रस्तावित है। भवन निर्माण शुरू करने के लिए आड़े आने वाले पेड़ों की कटाई का काम भी शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में एमसीएच डॉक्टर हास्पिटल मे बनाए गए उन कक्ष में रहते हैं, जिसका उपयोग वीआईपी मरीजों के इलाज के लिए किया जाना था।

### अभी भी खरीदते हैं सिलेंडर

वैसे तो डीके हास्पिटल के पास मरीजों को ऑक्सीजन देने के लिए दो प्लांट हैं, मगर जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके द्वारा बाहर से ऑक्सीजन खरीदनी पड़ती है। उनके द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर की खरीदी के लिए बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। दोनों प्लांट अगर अपनी पूरी रफ्तार से शुरू हो जाते हैं तो अस्पताल के जरूरतों की पूर्ति होने के साथ अन्य सरकारी अस्पतालों को भी आवश्यकता पड़ने पर इसकी मदद दी जा सकेगी।

# कोरबा में सबसे ज्यादा बिजली के 1300 बड़े बकाएदार, धमतरी-नारायणपुर में सबसे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बकाएदारों से वसूली करने के अभियान में लगी हुई है, लेकिन बिजली सिर्फ छोटे बकाएदारों की ही ज्यादा कट रही है। एक लाख से ज्यादा के सबसे ज्यादा 13 सौ बकाएदार कोरबा में हैं। राजधानी रायपुर में 270 बड़े बकाएदार है, इसमें से सवा पर एक्शन होने के बाद इनका बकाया जमा हो गया है।

प्रदेश भर में करीब छह हजार बड़े बकाएदार हैं, इनमें प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हैं। यही वजह है कि इनकी बिजली कट करने से पॉवर कंपनी कतरा रही है। पॉवर कंपनी का बिजली उपभोक्ताओं पर बकाया लगातार बढ़ते जा रहा है। आमतौर पर छोटे बकाएदार तो बकाया जमा कर देते हैं, लेकिन बड़े बकाएदार अपना बकाया जमा ही नहीं करते हैं।

इन पर एक्शन भी नहीं होता है। अब तो प्रदेश में बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा भी सीमित कर दिया गया है। पहले चार सौ यूनिट तक बिजली बिल हॉफ होता था तो बकाएदार अपने बिल का भुगतान कर देते थे, क्योंकि दो माह से ज्यादा का बकाया होने पर बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलता था।

हरिभूमि फॉलोअप

### कहां कितने बड़े बकाएदार

प्रदेश भर में करीब छह हजार बड़े बकाएदार हैं। इसमें सबसे ज्यादा 1310 कोरबा में हैं। इसी तरह से रायपुर में 270, बिलासपुर में 273, महासमुंद में 220, जांजगीर में 730, कुनकुरी में 630, सरगुजा में 226,, सूरजपुर में 348, बलरामपुर में 130, दुर्ग में 119, गरियाबंद में 38, बस्तर में 95, बालोद में 27, बलौदाबाजार में 108, बेमेतरा में 30, बीजापुर में 58, चिरमिरी में 171, दंतेवाड़ा में 132, धमतरी में 27, मरवाही में 80, मुंगेली में 160, रायगढ़ में 175, सक्ती में 135, कोरिया में 54, सुकमा में 84, नारायणपुर में 27, बिलाईगढ़ में 44 बड़े बकाएदार हैं।

■ सांसद, विधायकों भी बड़े बकायेदार, पर कनेक्शन सिर्फ छोटों का काटा जा रहा



### छोटे बकाएदारों पर लगातार एक्शन

राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के छोटे बकाएदारों पर लगातार एक्शन हो रहा है। ऐसे में जिनकी बिजली कट हो रही है, वो अपना बकाया जमा रहे हैं। जिनका बकाया थोड़ा ज्यादा है, उनको किस्तों में भी भुगतान की सुविधा मिल रही है। जो आम उपभोक्ता बड़े बकाएदार हैं, उन पर भी एक्शन हो रहा है, लेकिन पॉवरफुल और एप्रोच वाले बड़े बकाएदारों को पॉवर कंपनी कुछ नहीं कर रही है।

### मंत्री, विधायक, सांसद भी बड़े बकाएदार

*एक तरफ जहां आम उपभोक्ता भी बड़े बकाएदार हैं, वहीं बड़े बकाएदारों में प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायकों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की भी कमी नहीं है। राजधानी रायपुर में जरूर सवा सौ बड़े बकाएदारों पर एक्शन लिया गया है, लेकिन ये सभी आम उपभोक्ता हैं, अब तक किसी भी नेता और प्रशासनिक अधिकारी पर एक्शन नहीं लिया गया है और इनकी बिजली भी कट नहीं की गई है।*

### 20 हजार तक बकाया वाले 10 लाख

*सबसे ज्यादा छोटे बकायादार ही हैं कहा जाए तो गलत भी नहीं होगा। 20 हजार या इससे ज्यादा के बकाएदारों की प्रदेश भर में संख्या दस लाख से ज्यादा है। इन पर ही करीब दो हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। वैसे बीपीएल कनेक्शनधारी बकाएदारों की भी कमी नहीं है। बिजली कभी कट नहीं होती है तो इनका बकाया भी लगातार बढ़ते जा रहा है। इसकी संख्या भी लाखों में है।*

## खबर संक्षेप

### डॉ. नीरज बने इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ प्रोस्थोडॉन्टिक्स की वर्किंग कमेटी के सदस्य



**रायपुर।** रायपुर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ प्रोस्थोडॉन्टिस्ट एवं इम्प्लांटोलॉजिस्ट (विशेषज्ञ दंत चिकित्सक) डॉ. नीरज कुमार चंद्राकर को इंटरनेशनल कॉलेज प्रोस्थोडॉटिक्स की वर्किंग कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ प्रोस्थोडॉन्टिक्स को प्रोस्थोडॉन्टिक्स के क्षेत्र में विश्व की सर्वाधिक प्रतिष्ठित पेशेवर संस्थाओं में गिना जाता है, जिसमें विश्वभर के अग्रणी प्रोस्थोडॉन्टिस्ट, शिक्षाविद् एवं क्लिनिशियन-वैज्ञानिक शामिल है।

### सड़क सुरक्षा माह निशुल्क नेत्र परीक्षण

**रायपुर।** राजधानी में सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार 11 जनवरी 2026 को यातायात पुलिस द्वारा बस स्टैण्ड भाठागांव में निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण जांच शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही शहर के शैक्षणिक संस्थानों में संचालित स्कूल बस चालक-परिचालकों के लिए यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### खम्हारडीह स्कूल में बांटे तिल-गुड़ के लड्डू



**रायपुर।** मकर संक्रांति पर्व के पूर्व सखी महिला मंडल शंकरनगर ने शनिवार को खम्हारडीह स्कूल के बच्चों और स्टाफ को तिल-गुड़ से बने पौष्टिक लड्डू वितरित किए, जिससे त्योहार की खुशियां बढ़ीं और ठंड में ऊर्जा का संचार हुआ। यह जानकारी मंडल के अध्यक्ष सरला टाटिया ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में संजय गिडिया, राजेंद्र सेठिया और प्रवीण गोलछा सहित सखी महिला मंडल से सुषमा राजेश बरडिया, राजकुमारी बागरेचा, राखी शाह, हेमलता गोलछा, ममता कोचर, दीपा गोलछा, रेखा कोचर, मधु बरडिया, सुशीला छाजेड़, विमला गोलछा, शीला बाठिया और माया सेठिया आदि उपस्थित रहीं।

### अगले माह 3 फरवरी से फिर से गूंजेगी शहनाई

# शादियों के सीजन के लिए बाजार गुलजार होगा दो हजार करोड़ रुपए का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शादियों के सीजन में इस बार फरवरी से लेकर जुलाई तक राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में जमकर खरीदारी होगी। सोने-चांदी के गहनों, कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक सामानों के साथ ही बर्तन, फर्नीचर, कैटरिंग, होटल, भवनों के किराए को मिलाकर सीजन में करीब दो हजार करोड़ का कारोबार होगा। लगातार हर सेक्टर का बाजार गुलजार है। तीन माह के लिए तो होटल, मैरिज हॉल, भवन सभी बुक हो चुके हैं। इसी के साथ कैटरिंग और टेंट की भी बुकिंग हो गई है।

बीते साल देवउठनी एकादशी के बाद शादियों का सीजन प्रारंभ हुआ तो दो माह नवंबर और दिसंबर में जमकर शादियां हुईं हैं। अब जनवरी में कोई मुहूर्त नहीं है। इसके बाद फरवरी से फिर से शादियां होंगी। उसके लिए जहां खरीदारी चल रही है, वहीं इसके लिए सभी होटल, मैरिज हाल और भवन बुक हो गए हैं। फरवरी से जुलाई तक लगातार शादियां होंगी।

हरिभूमि सरोकार

### सोने की कीमत ज्यादा, खरीदी आधा

शादियों के लिए सोने और चांदी के गहनों की थोक में बिक्री होती है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक, जुलाई तक के सीजन में 500 करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में होगा। नए साल में सोने और चांदी की कीमत आसमान पर चली गई है। सोना जहां डेढ़ लाख के करीब है, वहीं चांदी के दाम ढाई लाख के करीब हैं। दाम ज्यादा होने के कारण फर्क इतना है कि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक, सोने की कीमत को देखते हुए अब लोगों ने इसकी खरीदारी का तरीका बदल दिया है। पहले सोना 50 हजार रहता था तो जो लोग एक लाख के बजट में 20 ग्राम सोना लेते थे, वो अब सोने की कीमत करीब डेढ़ लाख होने के कारण 5 से 8 ग्राम ही सोने के गहने ले रहे हैं। इसी तरह से चांदी के चार से पांच तोले के स्थान पर दो से तीन तोले के गहने लिए जा रहे हैं।

### फर्नीचर और बर्तनों का 300 करोड़ का कारोबार

*शादियों के लिए फर्नीचर और बर्तनों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। आज महंगे फर्नीचर का ज्यादा क्रेज चल रहा है। डिजाइनर फर्नीचरों की ज्यादा डिमांड है। पूरा का पूरा सेट डिजाइन करने का ऑर्डर भी दिया जा रहा है। कारोबारियों के मुताबिक, पूरे सीजन में प्रदेशभर में करीब तीन सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है।*

### 500 करोड़ का कपड़ा बाजार

*प्रदेश का सबसे बड़ा राजधानी रायपुर का पंडरी कपड़ा बाजार इस बार लगातार गुलजार है। यहां पर रोज प्रदेशभर से लोग खरीदारी करने लगातार आ रहे हैं। शादियों के लिए भी जमकर खरीदारी हो रही है। पंडरी कपड़ा एसोसिएशन के चंदर विधानी के मुताबिक, शादियों के लिए जमकर खरीदारी हो रही है। पूरे सीजन में पांच सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में होने की संभावना है।*



### इस साल मुहूर्त

*जनवरी में कोई शुभ मुहूर्त नहीं, क्योंकि शुक्र ग्रह अस्त*
*फरवरी में 3, 6, 9, 12, 19, 20, 26*
*मार्च में 5, 6, 8*
*अप्रैल में 20, 21, 27, 29*
*मई में 6, 13, 23, 25, 26, 28, 29*
*जून में 1, 2, 4, 5, 11, 19, 21, 28*
*जुलाई में 1, 6, 7, 11*

### होटल, भवन, टेंट कैटरर्स की भी चांदी

शादियों के मुहूर्त के हिसाब से पहले से ही होटल, भवन सब बुक हो गए थे। टेंट और कैटरिंग कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक, पूरे सीजन में होटल, भवन, टेंट, कैटरिंग को मिलाकर करीब तीन सौ करोड़ का कारोबार पूरे प्रदेश में होने की संभावना है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटमों का क्रेज

*शादियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटमों का ज्यादा क्रेज है, चाहे इसमें मोबाइल की बात हो, एसी, फ्रिज या फिर एलईडी टीवी की बात हो। हालांकि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी करते हैं, लेकिन महंगे आइटम अब गांववाले भी खरीद रहे हैं। पूरे सीजन में चार सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की संभावना है। इस बार जीएसटी के कम होने के कारण भी ज्यादा खरीदारी हो रही है।*

# ग्रीन आर्मी ने महीनेभर श्रमदान कर तालाब से निकाला 74 ट्रक कचरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ महाराजबंध तालाब बचाओ एवं जल शुद्धिकरण अभियान का समापन

पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय संस्था ग्रीन आर्मी ने महाराजबंध तालाब में महीनेभर अपने सदस्यों, विद्यार्थियों, नागरिकों के सहयोग से सफाई अभियान चलाया। इस दौरान 74 ट्रक कचरा तालाब से निकाला गया। रविवार को महाराजबंध तालाब बचाओ एवं जल शुद्धिकरण अभियान का समापन किया गया।

महाराजबंध तालाब के पास ग्रीन आर्मी के पदाधिकारियों ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान महीनेभर चलाए गए सफाई अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 11 दिसंबर से प्रारंभ होकर 11 जनवरी तक लगातार 32 दिनों तक चला, जिसमें तालाब की सफाई, संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए निरंतर श्रमदान किया गया। अभियान के दौरान कुल 74 ट्रक कचरा एवं मलबा महाराजबंध तालाब से बाहर निकाला गया, जिससे तालाब की स्वच्छता, जल प्रवाह और पर्यावरणीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। समापन अवसर पर वायु शुद्धिकरण के लिए 1008 लोगों द्वारा 1008 अग्निहोत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही भविष्य में तालाब की नियमित देखरेख और संरक्षण के उद्देश्य से 25 सदस्यों की महाराजबंध संरक्षण समिति का गठन भी किया गया। ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे ने कहा कि "महाराजबंध तालाब बचाओ अभियान यह संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### ये हुए शामिल

*इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी, राजेश्री महंत रामसुंदर दास बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में माधव सेवा आश्रम भोपाल से नलिनी दीदी, डॉ. पोद्दार सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े व्यक्तित्वों की उपस्थिति रही।*

# निर्माण कार्य के चलते स्टेशन रोड पर लग रहा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ स्थिति सुधरने में लगेगा समय

रेलवे स्टेशन परिसर में पार्सल गोदाम के पास निर्माण कार्य तथा अंडरपास निर्माण के कारण पार्सल गोदाम के पास वैकल्पिक मार्ग बंद किए जाने की वजह से ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। इसके चलते तेलघानी नाका से स्टेशन चौक तक पूरे समय तक जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जाम से निपटने ट्रैफिक पुलिस को अतिरिक्त बल लगाना पड़ रहा है।

पार्सल गोदाम तथा राजपूताना होटल का रास्ता लोग स्टेशन आने-जाने के लिए उपयोग करते थे। पार्सल गोदाम के पास निर्माण कार्य के साथ अंडरपास बनाने का काम शुरू हो गया है। इसके चलते पार्सल गोदाम के पास निर्माण सामाग्री डंप की गई है। सुरक्षा तथा चोरी से बचाव के लिए पार्सल गोदाम के रास्ते को बंद कर दिया गया है। इससे तेलघानी नाका से स्टेशन आने वाले वैकल्पिक मार्ग की जगह मुख्य मार्ग से आवाजाही कर रहे हैं। इस वजह से तेलघानी नाका, स्टेशन रोड गुरुद्वारा से लेकर स्टेशन चौक में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। रेलवे का काम कंपलीट होने के बाद लोगों को इस मार्ग में जाम से निजात मिलेगी। इसके चलते गुढ़ियारी अंडरब्रिज में भी ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है।

### ऑफिस टाइम में ज्यादा जाम

स्टेशन रोड में सबसे ज्यादा जाम की स्थिति सुबह 10 से 12 तथा शाम को पांच से सात बजे के बीच रहती है। इस टाइम कई ट्रेनों की आवाजाही होने के साथ लोग अपना काम करने निकलते हैं। इसके साथ ही कई छोटे मालवाहक चार पहिया वाहन इस मार्ग से आना-जाना करते है। इसके चलते भी स्टेशन रोड में जाम लगता है।

# भाजपा का वीबी जी-राम-जी जनजागरण अभियान कल से, पहले जिलों में होंगे सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में बनी योजना

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विकसित भारत जी-राम-जी जनजागरण अभियान को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में 13 जनवरी से लेकर 28 फरवरी तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। सबसे पहले 13 जनवरी से जिलों में सम्मेलनों के साथ कार्यशाला भी होगी। इसी के साथ संभाग स्तर पर पांचों संभागों में बड़े आयोजन होंगे। इन आयोजनों में भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक अलग-अलग स्थानों के आयोजनों में शामिल होंगे। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला को संबोधित किया।

वीबी-जी राम जी पर विस्तार से चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा, गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए यह एक महत्वपूर्ण योजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, विकसित भारत जी राम जी योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत-2047 की संकल्पना को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, विकसित भारत जी राम जी योजना भारत को एक नई पहचान दिलाएगी।




### 13 जनवरी से 28 फरवरी तक होंगे आयोजन

*कार्यशाला में प्रदेशभर में योजना को लेकर किए जाने वाले जनजागरण अभियान को लेकर इसकी पूरी रूपरेखा तैयार की गई। इसमें पहले चरण में 13 से 25 जनवरी तक जिलों में सम्मेलनों के साथ कार्यशाला होगी। इन सम्मेलनों में जिलों के प्रभारी मंत्री, जिला पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता, किसान, मजदूर सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे। फरवरी में मंडलों में भी आयोजन होंगे। इसी के साथ 10 फरवरी से 28 फरवरी तक ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।*

# विकास तिवारी कांग्रेस से छह साल के लिए निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने पूर्व प्रवक्ता विकास तिवारी को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। विकास तिवारी ने झीरम घाटी हमले से जुड़े एक बयान में भाजपा नेताओं के साथ ही कांग्रेस नेताओं के भी नार्को टेस्ट की मांग कर दी थी। इस बयान के बाद कांग्रेस कमेटी ने पहले श्री तिवारी को प्रवक्ता के पद से हटाया, साथ ही उनको कारण बताओ नोटिस देकर जवाब मांगा। श्री तिवारी ने कांग्रेस कमेटी को जो जवाब दिया, उससे पार्टी संतुष्ट नहीं है। ऐसे में पार्टी ने श्री तिवारी को पार्टी से निष्कासित करने का फैसला किया है। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू के हस्ताक्षर से निष्कासन आदेश जारी किया गया है।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुरेशचंद्र आचार्य पिता स्व. श्री सुगनचंद आचार्य निवासी क्लासिक सिटी, ग्राम-टेकरी, जिला-रायपुर, पिन-493111 (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सुरेश सुगनचंद आचार्य रख लिया हूँ।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सुरेश सुगनचंद आचार्य पिता स्व. श्री सुगनचंद आचार्य से ही जाना पहचाना जाये।

**सुरेश सुगनचंद आचार्य**
**क्लासिक सिटी,**
**ग्राम-टेकरी, जिला- रायपुर,**
**पिन - 493111 (छ.ग.)**

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम प्रदेशभर में रखा एक दिन का मौन व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मनरेगा कानून में केंद्र सरकार द्वारा किए गए संशोधन के विरोध में कांग्रेस पूरे देश में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चला रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में रविवार को एक दिवसीय मौन व्रत रखकर कांग्रेसजनों ने विरोध जताया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जगदलपुर में तथा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सक्ती में, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एस. सम्पत दुर्ग, जरिता लैतफलांग अंबिकापुर, विजय जांगिड़ रायपुर, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव रायपुर सहित वरिष्ठ नेता अपने क्षेत्रों में मौन व्रत में शामिल हुए। कांग्रेस का यह अभियान चरणबद्ध तरीके से फरवरी तक चलेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मोदी सरकार मजदूरों का रोजगार छीनना चाहती है। मनरेगा बंद करने से ग्रामीण क्षेत्र में रोजी रोटी में संकट आएगा। मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी स्कीम मनरेगा को खत्म कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और सबसे गरीब भारतीयों से काम का अधिकार छीनने की जानबूझकर की गई कोशिश है। अब तक, मनरेगा संविधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी। नया फ्रेमवर्क ने इसे एक कंडीशनल, केंद्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया है। मनरेगा के तहत, सरकारी ऑर्डर से कभी काम नहीं रोका गया। नया सिस्टम हर साल तय टाइम के लिए जबरदस्ती रोजगार बंद करने की इजाजत देता है, जिससे राज्य यह तय कर सकता है कि गरीब कब कमा सकते हैं और कब उन्हें भूखा रहना होगा। एक बार फंड खत्म हो जाने पर या फसल के मौसम में, मजदूरों को महीनों तक रोजगार से दूर रखा जा सकता है। मनरेगा केंद्रीय कानून था, 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा भेजी जाती थी, अब केंद्र और राज्य का हिस्सा 60-40 का हो जाएगा, पहले मैचिंग ग्रांट 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार जमा करेगी, तब केंद्र सरकार राशि जारी करेगी, राज्यों की वित्तीय स्थिति सर्वविदित है। इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा स्कीम खत्म हो जाएगी। जैसे ही बजट का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, वैसे ही धीरे-धीरे मनरेगा योजना बंद होने लगेगी।



■ मनरेगा योजना बंद होने से बढ़ेगा रोजी-रोटी का संकट

### बैज बोले-मोदी सरकार मजदूरों का रोजगार छीनना चाहती है



## खबर संक्षेप

### ऑन व ऑफलाइन टोकन में संकट, किसान परेशान

**आरंग।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, लेकिन इसी बीच ऑनलाइन व ऑफलाइन टोकन कटना अचानक बंद हो जाने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। टोकन प्रक्रिया रोके जाने से बड़ी संख्या में किसान असमंजस और चिंता की स्थिति में हैं। कई किसान ऐसे हैं जो पूरी तैयारी के बावजूद एक बोरी धान भी नहीं बेच पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि टोकन कटवाने के लिए जब वे सोसायटी पहुंच रहे हैं, तो वहां से उन्हें नोडल अधिकारी के पास सत्यापन के लिए भेजा जा रहा है। वहीं नोडल अधिकारी किसानों को यह कहकर लौटा रहे हैं कि उन्हें इस संबंध में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। इस स्थिति में किसान इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं और कोई भी जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट जवाब देने को तैयार नहीं है। किसान नेताओं पारसनाथ साहू एवं गोविन्द चंद्राकर ने इस पूरे मामले को किसानों के साथ सीधा छल बताया है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में धान का उठाव नहीं होने के कारण खरीदी बंद की जा रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अनेक किसानों का टोकन नहीं कट पाने के कारण उनका धान अब तक खरीदा ही नहीं गया है। किसान नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों ने कड़ी मेहनत और भारी लागत लगाकर फसल तैयार की है। उन्होंने शासन से तत्काल टोकन जारी कर निर्बाध धान खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसानों को उनके हक से वंचित न किया जाए।

### प्राथमिक शाला भटगांव में किया गया न्योता भोज

**अभनपुर।** प्राथमिक शाला भटगांव में शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय कुर्रे द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने श्री कुर्रे को जन्मदिवस की बधाई दी तथा विद्यालय एवं बच्चों के हित में किए जा रहे उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती कामेश्वरी गुलाब साहू,प्रधान पाठक श्रीमती पुष्पा साहू सहित शिक्षकगण श्रीमती संध्या शर्मा, हिमेश्वरी साहू, तेजबाई साहू, अन्नपूर्णा साहू, अश्वनी ध्रुव, पुरनलाल साहू, सुषमा साहू, रंजना कुर्रे, गजानंद साहू, रवि वर्मा, दिनेश धीवर, जगमत मंडावी, कमला ध्रुव, पार्वती साहू एवं सावित्री साहू एवं रसोइया मीना कोसरिया, कविता चेलक, रेखा यादव एवं सौहद्रा साहू का विशेष सहयोग रहा।

## आयोजन : पीएम श्री विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने अधिकारों को समझ सकता है : वटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा






तिल्दा व्यवहार न्यायालय तिल्दा के द्वारा शुक्रवार को पीएम श्री विद्यालय नेवरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। व्यवहार न्यायालय तिल्दा के न्यायाधीश भावेश कुमार वटी लोक अभियोजन अधिकारी राजेश पांडे के विशेष उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के निर्देश पर आयोजित विधिक जागरूकता शिविर का उद्देश्य छात्राओं को कानून और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। शिविर को संबोधित करते हुए न्यायाधीश भावेश कुमार वटी ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने अधिकारों को समझ सकता है तथा उनके संरक्षण के लिए आवाज उठा सकता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान के अभाव में अनेक लोग अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं, ऐसे में विधिक जागरूकता शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। शिविर के माध्यम से विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। बताया गया कि प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव या आर्थिक कमजोरी के कारण न्याय से वंचित न रहे। इसके अंतर्गत लोक अदालतों का आयोजन कराना एवं पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना प्रमुख कार्य हैं। श्री वाती ने नशा से दूर रहने की सलाह देते हुए हेलमेट की अनिवार्यता के बारे में बताया तथा, मोबाइल के सदुपयोग करने बात कही उन्होंने मोबाइल का दुरुपयोग बिल्कुलन करने की सलाह दी। साथ ही कई तरह के कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी के साथ अन्य कानूनी जानकारी देकर छात्र-छात्राओ को जागरूक करने का प्रयास किया। इस मौके पर अधिवक्ता अमन वाधवा नायाब नजीर मोहनलाल कंवर, पैरालीगल वालंटियर रेखीराम वर्मा विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र बंजारे, उप प्राचार्य श्रीमती प्रभाव वर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रीवा उत्खनन से छत्तीसगढ़ के प्राचीन इतिहास को नई दिशा : राजेश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत लोरिक नगर गढ़ के नाम से प्रख्यात रीवा गढ़ उत्खनन स्थल पर आयोजित छत्तीसगढ़ के प्राचीन सिक्के एवं मुद्रा प्रणाली विषयक पर द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को समारोह का समापन हुए। मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल संस्कृति मंत्री छत्तीसगढ़ रहे। संगोष्ठी में देशभर से पधारे विद्वानों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रीवा उत्खनन के परिणाम अत्यंत उत्साहजनक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने आगे कहा कि रीवा उत्खनन में आहत सिक्कों से लेकर कल्चुरी कालीन सिक्कों तक की अविच्छिन्न श्रृंखला प्राप्त हुई है, जो इस क्षेत्र की ऐतिहासिक निरंतरता को सशक्त रूप से प्रमाणित करती है। यह खोज छत्तीसगढ़ की प्राचीन मुद्रा प्रणाली और आर्थिक इतिहास को समझने में एक महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध होगी।उन्होंने बताया कि हालिया उत्खनन में प्राप्त लौह प्रगलन केंद्र तथा रेडियोकार्बन तिथि निर्धारण के आधार पर रीवा की प्राचीनता 9वीं सदी ईसा पूर्व (उत्तर वैदिक काल) तक निर्धारित की गई है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के प्राचीन इतिहास, तकनीकी ज्ञान और धातुकर्म परंपरा की समृद्ध विरासत को उजागर करती है।संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए विषय विशेषज्ञों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। प्रमुख रूप से आचार्य रमेंद्र नाथ मिश्र, श्री जी.एल. रायकवार, मुद्राशास्त्री डॉ. जी.एस. ख्वाजा (नागपुर), प्रो. सुष्मिता बसु मजूमदार (कोलकाता), प्रो. आलोक श्रोतरीय (अमरकंटक), डॉ. देवेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. विशि उपाध्याय (पटना) तथा डॉ. राजीव मिंज की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में पुरातत्त्व संचालनालय के अधिकारी-कर्मचारी, न्यूमिस्मेटिक एंड फिलेटली सोसाइटी ऑफ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी कमल बैद, रीवा के सरपंच घसिया राम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत डॉ. पी.सी. पारख, उप संचालक द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन प्रभात कुमार सिंह, पुरातत्ववेत्ता ने किया।इस अवसर पर संगोष्ठी की स्मारिका पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी के अंतर्गत विद्वानों एवं अध्येताओं ने रीवा उत्खनन स्थल का प्रत्यक्ष अवलोकन कर वहां प्राप्त पुरावशेषों का अध्ययन किया। शोध परिभ्रमण में डॉ. वृषोत्तम साहू, प्रवीण तिर्की एवं अमर भरतद्वाज का विशेष सहयोग रहा।

## क्रिकेट के फायनल मैच में मोहदी की 2 विकेट से जीत



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सरोरा में फ्रेंड्स क्लब के तत्वाधान में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच मोहदी व सासाहोली के बीच खेला गया।मोहदी ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। सासाहोली की टीम ने पहले बैटिंग करते हुये 7 ओवर 5 गेंदों में 10 विकेट खोकर 58 रन बनाए। जिसके जवाब में मोहदी की टीम ने 8 विकेट खो कर मैच पर कब्जा जमाया। इस तरह मोहदी की टीम 2 विकेट से विजयी रही।

द्वितीय स्थान पर सासाहोली व तृतीय स्थान पर सरोरा की टीम रही।फ़ाइनल मैच में मेन ऑफ द मैच लिकी रहे जिन्होंने शानदार 5 विकेट प्राप्त किया वही मैंन ऑफ द सीरीज सागर सासाहोली रहे, बेस्ट बॉलर तरुण सरोरा, बेस्ट बेस्टमैन हीरू सासाहोली, बेस्ट फील्डर मोहदी अनिकेत, बेस्ट कीपर मयंक सरोरा रहे। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि शैल महेंद्र साहू व पूर्व ज़िला पंचायत सभापति व किसान नेता राजू शर्मा थे।इस अवसर पर सरोरा के सरपंच प्रतिनिधि विश्राम साहू, उपसरपंच भाई बसंत सिंह विनोद, क्षेत्र के जनपद सदस्य सेवती बैतल साहू, पूर्व जनपद रेखराम देवांगन, पूर्व जनपद सदस्य रतनचंद निषाद, जुड़ावन साहू, बिहारी राम वर्मा, हरिश्चंद्र साहू, त्रिलोक सिंह ठाकुर, राघवेंद्र सिंह, टीकाराम साहू, तिलक निषाद,मना सेन, विजय शर्मा सूर्यप्रकाश वर्मा, प्रवीण यदु,उमेश सिंहा, दादू महराज,रमेश पाल,बगावत नेताम, ध्रुव सर,भोला साहू, ताराचंद पाल, गुनी साहू,सरिता साहू, रवि ध्रुव, कमलेश शर्मा, अविनाश यदु, हरि सोनी, संदीप ठाकुर, उत्तम साहू, रूपेंद्र ध्रुव, अवेंद्र ठाकुर, गेल ठाकुर, अनिल ध्रुव, चंदन सेन, खिलेंद्र, राकेश, फ्रेंड क्लब सरोरा के संरक्षक शरद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व ग्रामवासी उपस्थित थे।




## अग्रवाल गौसेवा के लिए संतों से हुए सम्मानित

**तिल्दा नेवरा।** रायपुर ऑडिटोरियम हॉल,मेकाहारा में आयोजित अध्यात्म सम्मेलन एवं सद्गुरु कबीर स्मृति महोत्सव में सदगुरु कबीर विश्व शांति मिशन छत्तीसगढ़ संत संगठन के द्वारा तिल्दा नेवरा के युवा उद्योगपति एवं गौशाला के संरक्षक घनश्याम अग्रवाल का सम्मान किया गया गुजरात से पधारे परम पूज्य संत शिरोमणि गुरु भूषण साहिब ने श्री अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह भेंट किया.घनश्याम अग्रवाल ने संतो का आशीर्वाद लते हुए कहा की सद्गुरु कबीर साहेब जी की वाणी सत्य, प्रेम और समाजिक सौहार्द का संदेश देती है तथा मानवीय मूल्यों को मजबूत करती है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फार्म मोदी विचार मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव दास जी साहू, अध्यक्ष और मोहन साहू को भी प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गुजरात कबीर मठ. नादिया दूधाधारी मठ. रायपुर पतेश्वर धाम जमाली पाठ के अलावा अनेक प्रसिद्ध महान संत उपस्थित थे।

## गांजा जब्त, आपरेशन निश्चय के तहत आदतन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा पुलिस ने 'ऑपरेशन' निश्चय के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 1 किलो 165 ग्राम अवैध गांजा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नेवरा क्षेत्रांतर्गत एफसीआई गोदाम के पास से की गई। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ''ऑपरेशन निश्चय'' के तहत यह कार्रवाई की गई। बीते १० जनवरी की शाम एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत एफसीआई गोदाम के पास एक व्यक्ति गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी करते हुये व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम तूफान देवार निवासी तिल्दा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें थैला की तलाशी लेने पर थैला में गांजा रखा होना पाया गया।

जिस पर टीम के सदस्यो द्वारा आरोपी तूफान देवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.165 किलोग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 58,हजार रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

आरोपी- तूफान देवार पिता ननकू दाउ देवार उम्र 46 साल निवासी वार्ड क्रमांक 15 तिल्दा इसके पहले भी जेल जा चूका है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से मादक पदार्थों का निर्माण, क्रय-विक्रय या तस्करी होती दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## ग्राम खमतराई में 14 से 22 तक होगी श्री भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग


ग्राम खमतराई में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के वातावरण में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 14 से 22 जनवरी तक होगा।

कार्यक्रम का आयोजन जय मां तुलसी ग्राम संगठन (बिहान) एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। ग्रामवासियों में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सप्ताह ज्ञानयज्ञ में कथा व्यास के रूप में पं. सत्यम दीवान द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का सुमधुर वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 14 जनवरी को कलश स्थापना एवं गोकर्ण कथा से होगी। 15 को कथा प्रारंभ वराह कथा, 16 को ध्रुव चरित्र, 17 को प्रह्लाद चरित्र, 18 को कृष्ण जन्म, 19 को रुक्मिणी विवाह, 20 को सुदामा चरित्र, 21 को परमधाम कथा, तुलसी वर्षा चढ़ोतरी शोभायात्रा होगा।

समापन 22 जनवरी को गीता दान, हवन एवं महाभंडारे के साथ किया जाएगा। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। यह आयोजन ग्राम खमतराई ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## पूजा वर्मा बनीं धरसींवा कॉलेज जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष

**धरसींवा।** पंडित श्यामाचरण शुक्ल शासकीय महाविद्यालय धरसींवा में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और छात्र सुविधाओं को विस्तार देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। जनपद सदस्य श्रीमती पूजा अश्विनी वर्मा को महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



नियुक्ति के पश्चात उन्होंने स्थानीय विधायक एवं पद्मश्री अनुज शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान विधायक अनुज शर्मा ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी और समिति के सफल संचालन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि कॉलेज में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने और छात्रहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। मीडिया से चर्चा करते हुए पूजा अश्विनी वर्मा ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि 12वीं के बाद कॉलेज की पढ़ाई ही यह तय करती है कि छात्र भविष्य में क्या बनेंगे और उनका जीवन कैसा होगा। इसलिए छात्रों को कॉलेज की शिक्षा को पूरी गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि वे पूरी समिति के साथ लेकर महाविद्यालय को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगी। अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद पूजा अश्विनी वर्मा ने महाविद्यालय के प्राचार्य और शैक्षणिक स्टाफ से मुलाकात की। कॉलेज प्रबंधन और स्टाफ ने इस निर्णय का उत्साहपूर्वक स्वागत किया है। कॉलेज टीम ने बताया कि संस्थान में 75 प्रतिशत छात्राएं अध्ययनरत हैं, ऐसे में एक महिला अध्यक्ष की नियुक्ति होना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इससे छात्राओं की समस्याओं और उनकी आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझा और हल किया जा सकेगा।

## एसएसपी ने तिल्दा थाने का किया औचक निरीक्षण और दी हिदायत

# शिकायतों का समय पर निराकरण करें : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा





रायपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने रविवार को तिल्दा नेवरा थाने का औचक निरीक्षण किया।प्रशिक्षु महिला आईपीएस के साथ पहंचे SSP ने इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड आदि का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि थाने में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और समय पर निराकरण किया जाए। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने थाने में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

थाना प्रभारी को पुलिस गश्त व्यवस्था मजबूत करने, आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने संहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी को पूरी करते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए लगातार काम करते रहना चाहिए। संवेदनशील मामलों का जल्द निपटारा हो। क्योंकि अगर ऐसे मामलों में देरी होती है तो अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। एसपी ने थाना क्षेत्र में अपराधियों व जुआ सट्टा अवैध शराब पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस दौरान उन्होंने पुलिस को आम जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया।

## पेज 09 के शेष...

### नवा रायपुर का उद्योग नगर रेलवे स्टेशन...

सीढ़ियां चढ़कर यात्रियों को ट्रेन की सुविधा मिलेगी और साथ ही यहां शॉपिंग मॉल भी उपलब्ध होगा। नया रायपुर में भविष्य में बढ़ने वाली बसावट को देखते हुए एनआरडीए ने मेट्रो की तर्ज पर इस स्टेशन का निर्माण कराया है। हरिभूमि ने उद्योग नगर स्टेशन का जायजा लिया। बता दें कि पिछले 5 सालों से इस स्टेशन का निर्माण कार्य जारी है, जो अब पूरा होने की कगार पर है। इस वर्ष यहां ट्रेनों का ठहराव भी शुरू हो जाएगा। एनआरडीए ने जगह का बेहतर उपयोग करने के लिए यह आधुनिक मॉडल वाला स्टेशन तैयार किया है। यहां ग्राउंड फ्लोर पर दर्जनभर अलग-अलग कमरे बने हुए हैं, जहां रेलवे के परिचालन से जुड़े ऑपरेशनल कार्य होंगे और रेलवे अधिकारियों के कार्यालय होंगे। वहीं दूसरे फ्लोर पर प्लेटफॉर्म मिलेगा। एनआरडीए के सीईओ चंदन कुमार ने हरिभूमि को बताया कि जगह का बेहतर उपयोग करने के लिए इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है। यह स्टेशन अन्य स्टेशनों की तुलना में काफी बड़ा है और यहां सामान्य से अधिक जगह है। आने वाले समय में स्टेशन परिसर में शॉपिंग मॉल खुलने से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

### फिलहाल एक प्लेटफॉर्म से...

के साथ शॉपिंग के लिए दुकानें भी बनाई हैं। यहां यात्रियों को सभी तरह की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही इस प्लेटफॉर्म की चौड़ाई भी सामान्य स्टेशनों से अधिक है। बता दें कि सड़क से पटरी की ऊंचाई अधिक है। जगह का उपयोग करने के लिए सड़क के लेवल पर प्लेटफार्म नहीं है।

नया रायपुर में 4 स्टेशन बना रहा... से चल रहा है, लेकिन अभी तक इसका केवल 50 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो सका है। इसलिए एनआरडीए उद्योग नगर स्टेशन के बाद मेला स्थल स्टेशन की सुविधा यात्रियों को देगा।

### चिटफंड कंपनियों की संपत्ति...

संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई भी अटकी हुई है। इस तरह कुल मिलाकर चिटफंड कंपनियों में डूबे निवेशकों के पैसे अब वापस मिलने बंद हो गए हैं।

<B>एक से डेढ़ करोड़ प्रशासन के खाते में जमा<B>

सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार, चिटफंड कंपनियों की नीलाम की गई संपत्ति से करीब एक से डेढ़ करोड़ रुपए प्रशासन के खाते में भी जमा है। यह जमा राशि अब तक निवेशकों को लौटाई नहीं गई है। हालांकि इस जमा राशि को लेकर प्रशासन के अधिकारी जानकारी देने से बच रहे हैं।

<B>इन कंपनियों की संपत्तियां हो चुकी हैं नीलाम<B>

विभागीय अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक गोल्ड इंफ्रावेंचर लिमिटेड की संपत्ति बेचकर उससे 81 लाख 1 हजार रुपए, निर्मल इंफ्रा होम की संपत्ति की नीलामी से 51 लाख 51 हजार रुपए, आरोग्य धनवर्षा की संपत्ति से 11 लाख 85 हजार रुपए, शुष्क इंडिया कंपनी लिमिटेड की संपत्ति से 2 करोड़ 10 लाख रुपए एवं देवयानी प्रॉपर्टीज लिमिटेड की 4 करोड़ 14 लाख रुपए की संपत्ति नीलामी की गई है। सूत्रों के अनुसार शुष्क इंडिया में ज्यादातर धमतरी जिले के निवेशकों के पैसे लगे थे। इसे देखते हुए इसकी संपत्ति की नीलामी से प्राप्त राशि में 2 करोड़ रुपए धमतरी प्रशासन को निवेशकों को बांटने के लिए दी गई थी।

### नमी के साथ बढ़ रहा...

डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। आने वाले दिनों में पारा और चढ़ने के आसार हैं, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ का असर पांच से छह दिन रहने की संभावना है। रविवार को आसमान साफ होने की वजह से दिन में धूप का प्रभाव महसूस हुआ और पारा दो से तीन डिग्री तक चढ़ा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सरगुजा इलाके में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से कम है, इसलिए ठंड पर ज्यादा असर नहीं होगा, मगर वाली जमने वाली बर्फ और शीतलहर के प्रकोप से कुछ दिन मुक्ति मिल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद एक बार ठंड की वापसी से इंकार नहीं किया जा रहा है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री, माना का 12 डिग्री, रायपुर का 13 और दुर्ग तथा पेंड्रा का पारा 9.5 और 9.6 दर्ज किया गया।

### डीकेएस का चार साल से बंद...

गई थी। प्लांट के लगाने के बाद कोरोना के मामले कम हो गए और इससे ऑक्सीजन तैयार करने की जरूरत ही नहीं पड़ी। बाद में प्लांट से बनने वाली ऑक्सीजन का सदुपयोग हास्पिटल में मौजूद गंभीर मरीजों के लिए किए जाने की योजना बनाई गई। प्लांट से हास्पिटल तक पाइपलाइन बिछाई गई, मगर इसे कनेक्ट नहीं किया गया। विभिन्न विभागों की परमिशन और नियमों की पेचीदगी के कारण चार साल बीतने के बाद भी इसका उपयोग शुरू नहीं हो पाया था। पिछले दिन हास्पिटल के निरीक्षण के लिए पहुंचे चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने ऑक्सीजन प्लांट की जानकारी के बाद इसे शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। इसके लिए अन्य प्रक्रिया पूरी कर प्लांट के पाइप को हास्पिटल की पाइपलाइन से कनेक्ट किया जाएगा। साथ ही अस्पताल के पुराने प्लांट का संचालन भी सही तरीके से करने के लिए डिजिटल प्रेशर रीडिंग सेमी आटोमेटिक मशीन लगाने और कंप्रेसर मशीन की खरीदी करने के निर्देश दिए हैं।

# 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों को दिए जाएंगे प्रश्नबैंक, सवाल पर निर्धारित अंक अनुसार ही याद कराएंगे उत्तर

## समीक्षा बैठक के बाद विभिन्न स्कूलों के लिए पृथक रूप से जारी होंगे दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

जिले के स्कूलों में दसवीं-बारहवीं के क्षेत्रों के लिए प्रश्न बैंक तैयार किए गए हैं। अब इन्हें स्कूलों में वितरित किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यालय के शिक्षक स्कूलों को तैयारी करवाएंगे। केवल रायपुर जिले के लिए ही यह व्यवस्था की गई है। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा नतीजे बेहतर करने यह प्रयोग किया जा रहा है।

दसवीं-बारहवीं के अर्द्धवार्षिक परिणामों की समीक्षा के बाद अलग-अलग स्कूलों के लिए पृथक दिशा-निर्देश जारी होंगे। जिन स्कूलों के परीक्षा परिणाम कमजोर रहेंगे, उनके लिए खास रणनीति बनाई जाएगी। अर्द्धवार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहने वाले छात्रों को उत्तीर्ण कराने पर फोकस रहेगा, जबकि अच्छे अंकों से परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को इस अनुसार तैयार करवाई जाएगी कि वे मेरिट लिस्ट में अपनी जगह बना सके।

आवश्यकता होने पर विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित की जाएंगी। गौरतलब है कि दिसंबर माह में हुई अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। दसवीं की परीक्षा में 22 प्रतिशत तथा बारहवीं की परीक्षा में 33 प्रतिशत छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं। दोनों ही कक्षाओं में सिर्फ 3-3 स्कूल ही ऐसे रहे हैं, जहां 100 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ से ही नतीजे सुधारने मिशन उत्कर्ष जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ही ये प्रयोग हो रहे हैं।

### अतिलघु उत्तरीय प्रश्नों पर फोकस

छात्र कम अंक वाले सवालों के उत्तर भी अपेक्षाकृत बड़े तैयार कर लेते हैं। छात्रों को ब्लू प्रिंट के आधार पर इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्हें बताया जाएगा कि किस टॉपिक के सवाल कितने अंकों के आएंगे। टॉपिक के अंक बताकर छात्रों को उसके आधार पर तैयारी करवाई जाएगी ताकि वे अधिक अंक वाले सवालों के उत्तर अधिक शब्दों में तैयार करें तथा कम अंक वाले सवालों के उत्तर कम शब्दों में लिखें। अतिलघु उत्तरीय और लघुउत्तरीय प्रश्नों की सहायता से परीक्षा में सफल होने में मदद मिलती है। जिन छात्रों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर है, उन्हें छोटे उत्तरों वाले सवालों की तैयारी खासतौर पर कराई जाएगी ताकि वे कम से कम परीक्षा में उत्तीर्ण होने लायक अंक अर्जित कर सें।




### विषय विशेषज्ञ की मदद

प्रश्न बैंक तैयार करने विषय विशेषज्ञों की मदद ली गई है। वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत करना हमारा उद्देश्य है।

*- हिमांशु भारतीय*
*जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर*

---

### सीएम साय आज रायपुर-बालोद के कई आयोजनों में होंगे शामिल

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 12 जनवरी सोमवार को राजधानी रायपुर सहित बालोद जिले में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सुबह से लेकर देर शाम तक विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा राष्ट्रीय युवा दिवस और विकास कार्यों के दृष्टिगत खास माना जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुबह 8.10 बजे मुख्यमंत्री निवास, सिविल लाइंस से प्रस्थान कर 08.15 बजे नेताजी सुभाष स्टेडियम रायपुर पहुंचेंगे।

## निधन

### शकुनतला मिश्रा



रायपुर। शिवानंद नगर निवासी शकुनतला मिश्रा (बिलासपुर वाले) का 11 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 जनवरी को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. योगेश चंद्र मिश्रा की पत्नी और अंजना, अर्चना, अपर्णा एवं अनामिका अवस्थी की माता थीं।

### मोहन लाल शर्मा



रायपुर। चौबे कॉलोनी निवासी स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी मोहन लाल शर्मा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 जनवरी को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे जगदीश प्रसाद शर्मा के भाई और कमल नारायण शर्मा के पिता थे।

### अरिहंत पाठक



रायपुर। केलकरपारा निवासी अरिहंत पाठक (34) का 11 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 जनवरी को सुबह 10 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सीएसईबी से सेवानिवृत्त अशोक पाठक के पुत्र थे।

### हरिंद्र भाई मानिक



रायपुर। सदर बाजार निवासी हरिंद्रभाई झवेरीलाल मानिक (79) का 11 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे मीत मानिक के पिता, नरेंद्र भाई के छोटे भाई एवं ललित मानिक के बड़े भाई थे।

---

### नियमितीकरण करने, मानव संसाधन नीति लागू करने की मांग

# मनरेगा कर्मचारियों को नियमित रूप से नहीं मिल रहा वेतन, करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- प्रदेशभर में 12 हजार से अधिक मनरेगा कर्मचारी

प्रदेशभर के मनरेगा कर्मचारी समय पर नियमित रूप से वेतन नहीं मिलने से परेशान हैं, कहीं 2 से 3 माह तो कहीं 5 माह का वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को परिवार चलाने में दिक्कत आ रही है। धमतरी जिले के मनरेगा कर्मचारी और अधिकारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। बीजापुर सहित अन्य जिलों में भी समय पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। इनमें तकनीकी सहायक, कंप्यूटर आपरेटर, रोजगार सहायक से लेकर भृत्य तक शामिल हैं। ऐसे में प्रदेशभर के मनरेगा कर्मचारी अपने 2 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक जल्द राजधानी में होगी, जिसमें आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

प्रदेश की महत्वपूर्ण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के 12,500 कर्मचारी और अधिकारी इन दिनों वेतन के लिए तरस गए हैं। समय पर नियमित रूप से वेतन नहीं मिल पाने के कारण इन कर्मचारियों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। कहीं-कहीं पर कर्ज लेकर परिवार चलाने की स्थिति निर्मित हुई है। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय क्षत्री ने बताया, 2 सूत्रीय मांगों को लेकर मनरेगा कर्मचारी प्रदेशव्यापी आंदोलन करने जल्द रणनीति बनाने राजधानी में जुटेंगे। इसके लिए पदाधिकारियों की बैठक माहांत तक राजधानी रायपुर में बुलाने की तैयारी है।



### नियमितीकरण और मानव संसाधन नीति को लागू करने की मांग

प्रदेशभर के मनरेगा कर्मचारी व अधिकारी नियमितीकरण करने और मनरेगा कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन नीति तत्काल लागू करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि दो दशक से सेवा देने के बाद भी हजारों मनरेगा कर्मचारी सेवा सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा के लिए तरस गए हैं।

### प्रमुख मांगें

- मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने की मांग
- प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर सभी एलबी संवर्ग के शिक्षकों को समस्त लाभ प्रदान किया जाए
- टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने राज्य सरकार द्वारा आवश्यक पहल की जाए
- शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के लिए वीएसके की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग।

### सहायक शिक्षक 17 जनवरी को प्रदेश के 33 जिलों में करेंगे प्रदर्शन

4 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश भर के सहायक शिक्षक छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में एक साथ 17 जनवरी को आंदोलन करेंगे। वेतन विसंगति दूर करने, टीईटी की अनिवार्यता के विरोध, क्रमोन्नत वेतनमान और प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर सभी एलबी शिक्षकों को समस्त लाभ प्रदान करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। फेडरेशन के संयोजक मनीष मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने हरिभूमि को बताया कि जब तक मोदी की गारंटी लागू नहीं होती और टीईटी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भाजपा सरकार ने वादा किया था कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर 100 दिन के भीतर क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाएगा, लेकिन आज तक मोदी की गारंटी का पालन नहीं हुआ। इसी विषय को याद दिलाने प्रदेशभर के सहायक शिक्षक छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के आव्हान पर 33 जिलों में 17 जनवरी को जिला स्तरीय प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद करने जुटेंगे।

---

# पूर्व कर्मचारी ने स्टोर से 20 लाख रुपए की आयुर्वेदिक दवाएं की पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने पर कर्मचारी दवा चोरी कर ले जाते दिखा

तेलीबांधा थाने में एक आयुर्वेदिक दवा कंपनी के स्टोरकीपर ने अपने यहां के एक पूर्व कर्मचारी के खिलाफ 20 लाख रुपए की दवाएं चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्टोरकीपर ने सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने के बाद थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर पड़ताल कर रही है।

बेबीलॉन कैपिटल के च्यवन आयुर्वेदा हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के स्टोरकीपर नंदकिशोर साहू ने अपने यहां के पूर्व कर्मचारी गौरव साहू के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। स्टोरकीपर ने पुलिस को बताया कि पूर्व कर्मचारी ने स्टोर की डुप्लीकेट चाबी बनाकर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दवाएं चोरी की हैं। फर्म का गोदाम बेबीलॉन कैपिटल के 7वें फ्लोर पर स्थित है। दवा की एंट्री कर वह प्रदेशभर में सप्लाई कराता है। 4 जनवरी को गोदाम में दवा का स्टॉक कम दिखा। खगेंद्र ने स्टॉक की जांच की तो 20 लाख रुपए तक की दवाएं कम मिलीं। गोदाम और बेबीलॉन कैपिटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में पता लगा कि गोदाम के पूर्व कर्मचारी गौरव साहू एक अन्य व्यक्ति के साथ गोदाम से दवा निकालकर जाते हुआ दिखा। सीसीटीवी फूटेज के साथ स्टोरकीपर ने तेलीबांधा पुलिस में शिकायत की है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।



### चायनीज मांझे में फंसकर महिला घायल

रायपुर। लाखेनगर इलाके में प्रतिबंधित और जानलेवा चाइनीज मांझे से दुर्घटना होने का एक और मामला सामने आया है। यहां नाबालिग बच्चे द्वारा पतंग उड़ाए जाने के दौरान रास्ते से गुजर रही ब्राह्मण पारा निवासी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रतिबंधित मांझे की चपेट में आने से महिला के होंठ और उंगली कट गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, लाखेनगर क्षेत्र में एक नाबालिग बच्चा पतंग उड़ा रहा था। उसी दौरान ब्राह्मण पारा निवासी महिला रास्ते से पैदल जा रही थी। अचानक हवा में फैला प्रतिबंधित मांझा महिला के चेहरे और हाथ में फंस गया। तेज धार वाले मांजे से महिला के होंठ और उंगली बुरी तरह कट गई, जिससे खून बहने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल महिला को संभाला और प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

---

# आप ने 33 जिलों के विकासखंडों में निकाली छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- दक्षिण विधानसभा में चंगोराभाठा सब्जी बाजार से यात्रा प्रारंभ

आम आदमी पार्टी ने रविवार से प्रदेश के 33 जिलों के विकासखंडों से छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा निकाली। यह यात्रा प्रदेश के सभी 20,363 गांवों तक आने वाले समय में जाएगी। रायपुर दक्षिण विधानसभा के चंगोराभाठा सब्जी बाजार से यह यात्रा शुरू हुई, जो पचपेड़ी नाका, न्यू राजेंद्र नगर, कटोरातालाब, सिविल लाइंस, बैजनाथपारा होते हुए सदर बाजार, ब्राह्मणपारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, अश्वनी नगर होते हुए पुनः चंगोराभाठा में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान जनता की समस्या से पदाधिकारी रूबरू हुए। सभा को सागर क्षीरसागर, विजय कुमार झा, जिला अध्यक्ष नवनीत नंदे, कलावती मार्को ने संबोधित किया। यात्रा पचपेड़ीनाका पहुंचने पर ओवरब्रिज के नीचे गड्ढों पर कार्यकर्ताओं ने बैठकर नारेबाजी की। यह यात्रा पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल के नेतृत्व में प्रदेश में 20 हजार से अधिक गांवों में व्यापक जनसंपर्क करने की योजना के तहत बनाई गई है, जिसमें जिलास्तर पर आम जनता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी पार्टी की रीति-नीति से लोगों को अवगत कराया।

# सबका हित सोचने वाला ही होता है सच्चा इंसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हीरापुर गांव तेंदुआ में श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ के सातवें दिन शनिवार को आचार्य पं. झम्मन शास्त्री महाराज ने कहा कि सबका हित सोचने वाला और उस दिशा में काम करने वाला ही सच्चा इंसान होता है। उन्होंने आगे कहा, राजनीतिज्ञ होता है, लेकिन आज राजनीति दूषित हो चुकी है। राजनेता ऐसे आराम से रहते हैं और जनता तकलीफ में है। आज देश में देश की सुरक्षा के लिए सिपाहियों पर करोड रुपए खर्च किए जाते हैं, जबकि श्री रामचंद्र की सेना में शामिल सैनिकों ने भावनात्मक रूप से जुड़कर लंका जीत ली थी।1 संस्कार और वचनों के क्रियान्वयन की सीख राजा दशरथ से लेनी चाहिए, जिन्होंने राजा जनक के भेजे हुए दहेज को गलत मानकर स्वीकार नहीं किया। सोने से पहले मोबाइल छोड़कर भगवान को पकड़ लिया जाए तो अच्छी नींद आएगी, खराब सपने परेशान नहीं करेंगे। भगवान को तुलसी दल चढ़ाने को भी लोग कतराते हैं। यही कारण है कि उनके बच्चे दूध मक्खन रबड़ी मलाई का स्वाद नहीं जानते, जबकि बच्चों को संस्कार नहीं देंगे, तब तक वे अच्छा आचरण नहीं करेंगे। यह कार्यक्रम बबीता मनहरन दुबे और दुबे परिवार द्वारा किया जा रहा है। कथा सुनने भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## पेज 09 के शेष ...

### नवा रायपुर का उद्योग नगर ...

सीढ़ियां चढ़कर यात्रियों को ट्रेन की सुविधा मिलेगी और साथ ही यहां शॉपिंग मॉल भी उपलब्ध होगा। नया रायपुर में भविष्य में बढ़ने वाली बसावट को देखते हुए एनआरडीए ने मेट्रो की तर्ज पर इस स्टेशन का निर्माण कराया है। हरिभूमि ने उद्योग नगर स्टेशन का जायजा लिया। बता दें कि पिछले 5 सालों से इस स्टेशन का निर्माण कार्य जारी है, जो अब पूरा होने की कगार पर है। इस वर्ष यहां ट्रेनों का ठहराव भी शुरू हो जाएगा। एनआरडीए ने जगह का बेहतर उपयोग करने के लिए यह आधुनिक मॉडल वाला स्टेशन तैयार किया है। यहां ग्राउंड फ्लोर पर दर्जनभर अलग-अलग कमरे बने हुए हैं, जहां रेलवे के परिचालन से जुड़े ऑपरेशनल कार्य होंगे और रेलवे अधिकारियों के कार्यालय होंगे। वहीं दूसरे फ्लोर पर प्लेटफॉर्म मिलेगा। एनआरडीए के सीईओ चंदन कुमार ने हरिभूमि को बताया कि जगह का बेहतर उपयोग करने के लिए इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है। यह स्टेशन अन्य स्टेशनों की तुलना में काफी बड़ा है और यहां सामान्य से अधिक जगह है। आने वाले समय में स्टेशन परिसर में शॉपिंग मॉल खुलने से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

### फिलहाल एक प्लेटफॉर्म से...

के साथ शॉपिंग के लिए दुकानें भी बनाई हैं। यहां यात्रियों को सभी तरह की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही इस प्लेटफॉर्म की चौड़ाई भी सामान्य स्टेशनों से अधिक है। बता दें कि सड़क से पटरी की ऊंचाई अधिक है। जगह का उपयोग करने के लिए सड़क के लेवल पर प्लेटफार्म नहीं है।

### नया रायपुर में 4 स्टेशन बना रहा...

से चल रहा है, लेकिन अभी तक इसका केवल 50 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो सका है। इसलिए एनआरडीए उद्योग नगर स्टेशन के बाद मेला स्थल स्टेशन की सुविधा यात्रियों को देगा।

### चिटफंड कंपनियों की संपत्ति...

संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई भी अटकी हुई है। इस तरह कुल मिलाकर चिटफंड कंपनियों में डूबे निवेशकों के पैसे अब वापस मिलने बंद हो गए हैं।

***एक से डेढ़ करोड़ प्रशासन के खाते में जमा :*** सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार, चिटफंड कंपनियों की नीलाम की गई संपत्ति से करीब एक से डेढ़ करोड़ रुपए प्रशासन के खाते में भी जमा है। यह जमा राशि अब तक निवेशकों को लौटाई नहीं गई है। हालांकि इस जमा राशि को लेकर प्रशासन के अधिकारी जानकारी देने से बच रहे हैं।

***इन कंपनियों की संपत्तियां हो चुकी हैं नीलाम :*** विभागीय अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक गोल्ड इंफ्रावेंचर लिमिटेड की संपत्ति बेचकर उससे 81 लाख 1 हजार रुपए, निर्मल इंफ्रा होम की संपत्ति की नीलामी से 51 लाख 51 हजार रुपए, आरोग्य धनवर्षा की संपत्ति से 11 लाख 85 हजार रुपए, शुष्क इंडिया कंपनी लिमिटेड की संपत्ति से 2 करोड़ 10 लाख रुपए एवं देवयानी प्रॉपर्टीज लिमिटेड की 4 करोड़ 14 लाख रुपए की संपत्ति नीलामी की गई है। सूत्रों के अनुसार शुष्क इंडिया में ज्यादातर धमतरी जिले के निवेशकों के पैसे लगे थे। इसे देखते हुए इसकी संपत्ति की नीलामी से प्राप्त राशि में 2 करोड़ रुपए धमतरी प्रशासन को निवेशकों को बांटने के लिए दी गई थी।

### नमी के साथ बढ़ रहा...

डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। आने वाले दिनों में पारा और चढ़ने के आसार हैं, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ का असर पांच से छह दिन रहने की संभावना है। रविवार को आसमान साफ होने की वजह से दिन में धूप का प्रभाव महसूस हुआ और पारा दो से तीन डिग्री तक चढ़ा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सरगुजा इलाके में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से कम है, इसलिए ठंड पर ज्यादा असर नहीं होगा, मगर वाली जमने वाली बर्फ और शीतलहर के प्रकोप से कुछ दिन मुक्ति मिल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद एक बार ठंड की वापसी से इंकार नहीं किया जा रहा है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री, माना का 12 डिग्री, रायपुर का 13 और दुर्ग तथा पेंड्रा का पारा 9.5 और 9.6 दर्ज किया गया।

### डीकेएस का चार साल से बंद...

गई थी। प्लांट के लगाने के बाद कोरोना के मामले कम हो गए और इससे ऑक्सीजन तैयार करने की जरूरत ही नहीं पड़ी। बाद में प्लांट से बनने वाली ऑक्सीजन का सदुपयोग हास्पिटल में मौजूद गंभीर मरीजों के लिए किए जाने की योजना बनाई गई। प्लांट से हास्पिटल तक पाइपलाइन बिछाई गई, मगर इसे कनेक्ट नहीं किया गया। विभिन्न विभागों की परमिशन और नियमों की पेचीदगी के कारण चार साल बीतने के बाद भी इसका उपयोग शुरू नहीं हो पाया था। पिछले दिन हास्पिटल के निरीक्षण के लिए पहुंचे चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने ऑक्सीजन प्लांट की जानकारी के बाद इसे शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। इसके लिए अन्य प्रक्रिया पूरी कर प्लांट के पाइप को हास्पिटल की पाइपलाइन से कनेक्ट किया जाएगा। साथ ही अस्पताल के पुराने प्लांट का संचालन भी सही तरीके से करने के लिए डिजिटल प्रेशर रीडिंग सेमी आटोमेटिक मशीन लगाने और कंप्रेसर मशीन की खरीदी करने के निर्देश दिए हैं।

---

### असरदार तरीके से सुलझेंगी जनता की शिकायतें

# अब छत्तीसगढ़ में शुरू होगी सीएम हेल्पलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की आम जनता के लिए ये खबर बड़े काम की है। अब लोग अपने मामलों, मसलों से जुड़ी शिकायतें और आवेदन एडवांस टेक्नोलॉजी से कर पाएंगे। इस काम के लिए सरकार का सुशासन एवं अभिसरण विभाग जल्द ही चीफ मिनिस्टर हेल्पलाइन और कंपलेंट मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करने की तैयारी में है। इसके लिए टेंडर जारी किया गया है।

***ये है मामला :*** स्टेट इम्प्लीमेंटेशन एजेंसी छत्तीसगढ़ सरकार के लिए एक डेडिकेटेड चीफ मिनिस्टर हेल्पलाइन और कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करना चाहती है। यह पहल एक इंटीग्रेटेड और ऑफिशियल प्लेटफॉर्म देने के लिए डिजाइन की गई है, जहां शिकायतें दर्ज की जा सकें, ट्रांसपेरेंट और अकाउंटेबल प्रोसेस के साथ तुरंत कार्रवाई हो सके। यह प्रोजेक्ट सरकार के साथ जुड़ाव बढ़ाने, पब्लिक की मदद करने और समाज की जरूरतों के प्रति एडमिनिस्ट्रेटिव जवाबदेही को मजबूत करने के लिए एक स्ट्रेटेजिक टूल के तौर पर काम करेगा।

### शिकायतों का निपटारा आसानी से

प्रोजेक्ट का मुख्य लक्ष्य एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाना है, जो छत्तीसगढ़ राज्य में शिकायतों को असरदार तरीके से सुलझाए। इस प्रोजेक्ट का मकसद है लोगों की शिकायतों का हर समय निपटारा करना, शिकायतों का समय पर निपटारा करना।



### इस तरह काम करेगा सिस्टम

सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा जारी टेंडर में कहा गया है कि चीफ मिनिस्टर हेल्पलाइन सिस्टम किस तरह का होना चाहिए। शिकायतों के लिए सिंगल पॉइंट एक्सेस : एक कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम और सीएम हेल्पलाइन बनाना, जिसमें एक यूनिफाइड कॉन्टैक्ट नंबर (शॉर्ट-कोड), मोबाइल एप और पोर्टल हो, ताकि लोग अपनी शिकायतें रिपोर्ट कर सकें।

**गवर्नेंस तक सबकी पहुंच :** यह पक्का किया जाएगा कि समाज के सभी वर्ग, जिसमें ग्रामीण, बुजुर्ग और डिजिटल रूप से कम पढ़े-लिखे नागरिक शामिल हैं, सरकारी सेवाओं तक पहुंच सकें और शिकायतें दर्ज करा सकें। सभी नागरिकों के लिए, जिसमें ग्रामीण इलाकों के लोग भी शामिल हैं, कई भाषाओं में सपोर्ट के साथ पहुंच पक्की करने का काम ये सिस्टम करेगा।

### ये है प्रोजेक्ट विजन

इस प्रोजेक्ट का मकसद एक ऐसा सिस्टम बनाना है, जो गवर्नेंस को बेहतर, कुशल और रिस्पॉन्सिव, शिकायत निवारण सिस्टम को मजबूत करे। एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके, यह सिस्टम छत्तीसगढ़ के लोगों को अपनी चिंताएं असरदार तरीके से बताने में मदद करेगा, यह पक्का करते हुए कि हर शिकायत का तुरंत समाधान किया जाए। यह प्रोजेक्ट सरकार और जनता के बीच ज्यादा भरोसा और जुड़ाव बनाने की कोशिश करता है। इसके लिए एक ऐसा चैनल बनाया जाता है, जो एडमिनिस्ट्रेटिव जवाबदेही को बढ़ावा दे और अच्छे शासन की प्राथमिकता को बनाए रखे।

# राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने प्लान ए के साथ बी भी

**प्लान ए में 22 थाने तथा बी में जिले के यथावत थानों के साथ पांच से सात नए थाने खोले जाने की चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की पुलिसिंग व्यवस्था में 10 दिन बाद बड़ा बदलाव होने जा रहा है। बड़े महानगरों की तर्ज पर 23 जनवरी को रायपुर जिले में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने जा रही है। पुलिस अफसरों के मुताबिक, राजधानी में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने दो प्लान तैयार किए गए हैं। साथ ही शुरू में पुलिस आयुक्त के साथ दो एसीपी रहेंगे तथा तीन से चार डीसीपी हो सकते हैं। व्यवस्था लागू होने के बाद जरूरत के हिसाब से अफसरों के पदों में बढ़ोतरी की जाएगी।

हरिभूमि फॉलोअप

बताया जा रहा है कि पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद नए तीन हजार पुलिस शामिल किए जाएंगे। जिले में साढ़े पांच सौ के करीब नए पुलिसकर्मियों की भर्ती अंतिम चरण में है। शेष ढाई हजार पुलिसकर्मियों के लिए सीएएफ के जवानों को पुलिस में शामिल किया जाएगा। कुल तीन हजार बल की भर्ती की जाएगी। उसमें वीआईपी ड्यूटी के साथ धरना-प्रदर्शन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिसकर्मियों को अलग से रखा जाएगा।




### ये है प्लान ए तथा प्लान बी

आयुक्त प्रणाली लागू करने जो मसौदा तैयार किया गया है, उसमें दो प्लान तैयार किए गए हैं। प्लान ए में जिले के 22 थाना क्षेत्रों को शामिल किया गया है। प्लान बी में जिले से सभी थाना क्षेत्र को पुलिस कमिश्नरी में शामिल किया गया है। प्लान ए को लागू होने से ग्रामीण क्षेत्र के थाने अलग हो जाएंगे। इसमें नवा रायपुर के राखी के साथ माना, अभनपुर, गोबरा नवापारा थाना अलग हो जाएगा। विधानसभा के साथ मंत्रियों के बंगले, मंत्रालय सहित तमाम उच्चस्तरीय सरकारी कार्यालय नवा रायपुर में शिफ्ट हो गए हैं। माना थाना क्षेत्र के अंतर्गत एयरपोर्ट आता है। ऐसी स्थिति में अफसर पुलिस आयुक्त प्रणाली के लिए प्लान बी लागू करने के पक्षधर हैं।

### दो खंडों में विभाजन किया जाएगा

पुलिस अफसरों के अनुसार, पुलिस कमिश्नरेट के क्षेत्र को दो भागों में बांटा जाएगा। अफसरों के अनुसार, पूर्व तथा पश्चिम में बांटा जाएगा। पश्चिम में ग्रामीण क्षेत्र के थानों को शामिल किया जाएगा। पूर्व में रायपुर सिटी को शामिल किया जाएगा। साथ ही जिले में पांच से सात नए थाने तथा ग्रामीण क्षेत्र में थानों की दूरी के अनुसार नई पुलिस चौकी खोले जाने की योजना है।

## खबर संक्षेप

### गांधीनगर में शिव पुराण कथा शुरू, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**रायपुर।** शिव शक्ति समिति द्वारा अमलीडीह गांधीनगर में 6 दिवसीय 9 से 15 जनवरी तक शिव पुराण कार्यक्रम आयोजित है। शिव पुराण कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कथावाचक आचार्य पं. मनोज राम शर्मा द्वारा बहुत ही सुंदर कथा का वर्णन किया जा रहा है। सभी श्रद्धालु महाराज के इस शिव पुराण से मंत्रमुग्ध होकर कथा सुनने बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

### भावना अध्यक्ष, राशि कार्यकारी अध्यक्ष, हर्षा बनीं महासचिव



**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित पूज्य छत्तीसगढ सिंधी महापंचायत की महिला विंग का गठन शनिवार को किया गया। संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी की अनुशंसा पर महिला विंग के गठन पर महासचिव जितेन्द्र बडवानी ने मुहर लगाई। यह जानकारी पंचायत के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने देते हुए बताया कि गठित पदाधिकारियों में अध्यक्ष भावना कुकरेजा, कार्यकारी अध्यक्ष राशि बलवानी, महासचिव हर्षा मोटवानी, दीपिका जेठवानी को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में कोषाध्यक्ष अनीता हिरदानी, संरक्षक मंजू सुंदरानी, मनीषा नारवानी, लता गुरनानी, साधना गुरनानी, सोनिया नांज्यानी, चेयरपर्सन नीता खेमानी, भानु माखीजा, सुषमा खेमानी, पिंकी लालवानी, आशा सचदेव, दिव्या अडवानी के अलावा विशेष सलाहकार में कविता जादवानी, जया पमनानी, सह कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रवक्ता, कार्यकारिणी सदस्य की नियुक्ति की गई।

### मोवा ओवरब्रिज में डिवाइडर निर्माण की मांग

**रायपुर।** नगर निगम जोन 3 के पूर्व जोन अध्यक्ष और पार्षद डॉ. प्रमोद साहू ने उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर मोवा ओवर ब्रिज में हो रहे दुर्घटना की रोकथाम के लिए डिवाइडर निर्माण की मांग की है।

**छग पर्यावरण संरक्षण मंडल के अंतर्गत रिक्त पदों पर होगी भर्ती, 12 हजार ने किया था आवेदन**

# व्यापम ने पूछा-साबुन का रासायनिक सूत्र ग्रीनहाउस प्रभाव, वायुमंडल की परतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को केमिस्ट भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। छग पर्यावरण सरंक्षण मंडल के अंतगत रिक्त पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। इसके लिए 12 हजार आवेदन व्यापम को मिले थे। अभ्यर्थियों में से 51 प्रतिशत ही उपस्थित रहे। शेष 49 प्रतिशत ने परीक्षा छोड़ दी। लगभग आधी संख्या में परीक्षार्थियों द्वारा शामिल नहीं होने के कारण कई केंद्र खाली-खाली रहे। हाड़ कंपाने वाली ठंड को देखते हुए व्यापम ने परीक्षार्थियों को फूल बांह और किसी भी रंग के स्वेटर पहनने की छूट दी थी। परीक्षार्थियों से रसायन विषय संबंधित सवालों के साथ ही पर्यावरण व वन रक्षा के लिए समय-समय पर लाए गए विभिन्न कानून के विषय में भी पूछा गया।

सामान्य रहे छग से जुड़े सवाल : निर्धारित संख्या में छग के सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल भी पूछे गए। इनमें से अधिकतर प्रश्न औसत ही रहे। इनमें छत्तीसगढ़ राज्य का लोक नृत्य निम्न में से कौन सा है- सुवा नृत्य, पंथी नृत्य, चारकुला नृत्य, कालबेलिया नृत्य। छग में जनवरी से दिसंबर तक मनाए जाने वाले त्योहारों का सही क्रम- हरेली, पोला, छेरछेरा, गौरा-गौरी। छग में कितने प्रतिशत कृषक परिवार लघु एवं सीमांत श्रेणी में आते हैं, छग में राष्ट्रीय आन्दोलन का अग्रदूत किसे माना जाता है, बस्तर के पठार की प्रमुख नदियां हैं- इन्द्रावती, सोंदूर, सबरी, गोपद, छत्तीसगढ़ के जिलों की जनसंख्या घनत्व, छत्तीसगढ़ के इतिहास में महत्वपूर्ण व्यक्तित्व, छत्तीसगढ़ की प्रथम राष्ट्रीय राजमार्ग सुरंग किस मार्ग पर बनाई गई है, राज्य पोषित जैविक खेती मिशन, सब्जी फसलों के विविधीकरण हेतु प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का छत्तीसगढ़ में शुभारंभ, वर्तमान छत्तीसगढ़ क्षेत्र में ब्रॉडगेज रेलमार्ग पर रेलवे सेवाओं का प्रारंभ वर्ष, जैसे सवाल शामिल रहे।

**केमिस्ट भर्ती में 51 प्रतिशत अभ्यर्थी हुए शामिल**





### इस तरह के सवाल

- अभौतिक संस्कृति का उदाहरण क्या नहीं है- धर्म, मूल्य और विश्वास, परम्परा, मोबाइल फोन।
- किस संस्था द्वारा 'रेड डाटा बुक' प्रकाशित की जाती है?
- 3 सितंबर 2025 को 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में किए गए कर सुधार का क्या कारण रहा।
- सिकलसेल, एनीमिया, मलेरिया संबंधित सवाल।
- विभिन्न इसरो अध्यक्ष का कार्यकाल।
- द नेशनल ग्रीन ट्रिबनल एक्ट, द बायोलॉजिकल डाइवर्सिटी एक्ट, एनवायरनमेंट (प्रोटेक्शन) एक्ट, वाटर (प्रिवेन्शन एंड कंट्रोल ऑफ पोल्यूशन) एक्ट, एयर (प्रिवेन्शन एंड कंट्रोल ऑफ पोल्यूशन) एक्ट, लागू होने की क्रमवार तिथि।
- खिलाफत आन्दोलन, बंगाल विभाजन, लखनऊ समझौता, सूरत विभाजन को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।
- पौधों के श्वसन के बाद प्राथमिक उपभोक्ता को उपलब्ध ऊर्जा।
- सोडियम पामिटेट साबुन का सही रासायनिक सूत्र।
- जल प्रदूषण को बीओडी द्वारा क्यों मापा जाता है?
- हीरा, कांच, जल, वायु और निर्वात में प्रकाश का वेग घटते क्रम में।
- वायुमंडल की परतों का नीचे से ऊपर की ओर सही क्रम कौन सा है?
- कौन सी आईटी-आधारित सेवा किसानों को मौसम पूर्वानुमान, फसल की कीमतें और कृषि सलाह तक पहुंचने में मदद करती है?
- प्रयोगशाला में एथेनॉल बनाने के लिए आवश्यक रासायनिक अभिकर्मक क्या है?
- ग्रीनहाउस प्रभाव' किसके कारण होता है?
- भारत में हरित क्रांति मुख्य रूप से किस फसल पर केन्द्रित थी?
- मेथेमोग्लोबिनेमिया या ब्लू बेबी सिंड्रोम बीमारी का मुख्य कारण निम्नलिखित में से कौन सी स्थिति में पानी पीने से होता है?

# फाफाडीह में डेयरी पर 5 हजार जुर्माना, रहवासी क्षेत्र से हटाने का दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम जोन 2 कमिश्नरी ने रविवार को रमण मंदिर वार्ड अंतर्गत फाफाडीह के आवासीय क्षेत्र में संचालित महामाया डेयरी संचालक पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। डेयरी की भैंसों को सड़क पर छोड़ने से गंदगी और प्रदूषण के साथ ही दुघर्टना होने का अंदेशा संबंधी शिकायत पर जोन-2 के स्वास्थ्य विभाग ने कार्यवाही की। साथ ही उन्हें रहवासी क्षेत्र से डेयरी हटाने नोटिस जारी किया है।

निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और जोन-2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे के निर्देश पर जोन 2 स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया के नेतृत्व में जोन की टीम ने फाफाडीह के आवासीय क्षेत्र में संचालित महामाया डेयरी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्थल पर गंदगी और प्रदूषण सहित डेयरी की भैंसों को सड़क पर छोड़े जाने से आए दिन दुर्घटना होने की जनशिकायत सही मिली।

- डेयरी की भैंसों को सड़क पर छोड़ने से गंदगी और प्रदूषण

### ...नहीं तो सील करेंगे डेयरी

इस पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने महामाया डेयरी फाफाडीह के संचालक धर्मराज साहू पर तत्काल 5 हजार रुपए का ई-चालान जुर्माना किया और उन्हें नोटिस सहित चेतावनी दी। संबंधित डेयरी संचालक ने अगले एक माह में डेयरी संचालन निगम सीमा के रहवासी क्षेत्र से बाहर शिफ्ट कर लेने लिखित आश्वासन दिया है। नियत समय अवधि में डेयरी संचालन बंद नहीं किए जाने की स्थिति में नगर निगम जोन-2 स्वास्थ्य विभाग अभियान चलाकर डेयरी को सीलबंद करने और मवेशियों को जब्त करने कदम उठाएगा।

# झुग्गी बस्ती बचाने मोहल्ला समिति और गाड़ा समाज का सामूहिक संकल्प

**रायपुर।** दुर्गानगर (शांतिनगर) झुग्गी बस्ती के विस्थापन के विरोध में एक बार फिर गाड़ा समाज और झुग्गीवासी लामबंद हो गए हैं। इसी संबंध में रविवार को दुर्गानगर मोहल्ला समिति और गाड़ा समाज की एक संयुक्त बैठक बस्ती में हुई, जिसमें दुर्गानगर के साथ-साथ राजधानी की विभिन्न झुग्गी बस्तियों से सैकड़ों निवासियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से यह राय बनी कि आज दुर्गानगर की बारी है, कल हमारी बस्ती भी तोड़ी जा सकती है। ऐसे में सभी को एकजुट होकर इस लड़ाई को लड़ना पड़ेगा और दुर्गानगर का पूरा साथ देना होगा। दुर्गानगर मोहल्ला विकास समिति के अध्यक्ष रामू नायक ने कहा, केंद्र सरकार की पुनर्वास नीति स्पष्ट कहती है कि 'जो जहां है, वो वहीं रहेगा'। नए निर्माण में गरीबों के लिए



15 प्रतिशत आरक्षण उनका मौलिक अधिकार है। विगत 60-70 वर्षों से सैकड़ों परिवार यहां निवासरत हैं। यदि उन्हें शहर से 15 किलोमीटर दूर, सुविधाविहीन ग्राम कचना पिरदा में विस्थापित किया जाता है तो वे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो जाएंगे। गरीबों के हित में उन्हें बेदखल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने एक व्यावहारिक वैकल्पिक समाधान भी पेश किया।

**ड्रेनेज प्लानिंग, ड्रोन आधारित प्रॉपर्टी टैक्स मैपिंग, सफाई संसाधन खरीदने पर खर्च होगी**

# अमृत मिशन में 'माइलस्टोन' पूरा करने पर निगम को मिली 15 करोड़ प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मिशन अमृत योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित माइलस्टोन पूरा करने पर रायपुर नगर निगम को 15 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिली है। यह राशि शहर के 85 फीसदी से अधिक जल आपूर्ति कवरेज सुनिश्चित करने और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण दी गई। इस राशि से मलसाय तालाब से बरगद पेड़ चौक होते हुए रिंगरोड नंबर-1 तक समग्र ड्रेनेज प्लानिंग की जाएगी। साथ ही शहर में पहली बार ड्रोन आधारित प्रापर्टी टैक्स मैपिंग का कार्य कराया जाएगा। वहीं नाले व खारुन नदी की सफाई के लिए डेढ़ करोड़ रुपए का ड्रेन मास्टर तथा चैन हाइड्रोलिक माउंटेन व छोटा जेसीबी मशीन सहित टाटा एस खरीदा जाएगा। अमृत मिशन योजना 2.0 में 400 करोड़ के कार्य रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में अलग-अलग अनुबंधित एजेंसियों के माध्यम से कराए गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से रायपुर नगर निगम में शामिल 17 गांवों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के लिए 14 नई पानी टंकी निर्माण, 22 कमांड एरिया में पाइपलाइन बिछाने का काम कराया गया। इसके साथ ही खारुन नदी में गिरने वाले राजधानी सहित आसपास के 17 नाले-नालियों के पानी को साफ कर उपचारित करते हुए उसे दोबारा उपयोग में लाने लायक बनाने 230 करोड़ की लागत से कारा, निमोरा, चंदनीडीह में अमृत मिशन के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की गई। एसटीपी से 11 किलोमीटर के दायरे में पाइपलाइन बिछाने का काम भी अनुबंधित एजेंसी द्वारा कराया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, मिशन अमृत में फिल्टर प्लांट की क्षमता बढ़ाने का कार्य इसमें शामिल है। साथ ही स्कॉडा सिस्टम भी विकसित किया गया है।

- अमृत मिशन 2.0 पर 400 करोड़ खर्च, 14 पानी टंकी बनाई, डिस्ट्रीब्यूशन लाइन का हुआ काम, 3 एसटीपी भी






### घनी आबादी के बीच 10 बगीचे हुए विकसित

शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में रायपुर नगर निगम द्वारा अमृत मिशन के तहत देवेंद्र नगर, एमआर कालोनी, सरजूबांधा तालाब के पास सहित अन्य चयनित स्थानों पर 10 बगीचे विकसित करने की योजना पर काम हुआ। मिशन अमृत योजना में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के सही तरीके से संचालन पर केंद्र ने 8 करोड़ 75 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दी है। इस राशि से शहर के बड़े नालों की मैकेनाइज्ड सफाई कराई जाएगी। चंदनीडीह एसटीपी के पास नाले पर डायवर्सन वियर बनाने और चैंबर निर्माण कार्य के लिए 51 लाख रुपए की स्वीकृति रायपुर नगर निगम को मिली है। वहीं खारुन नदी में नालों के गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए स्थापित 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में बिजली बिल खर्च में बचत के लिए 3 करोड़ 79 लाख खर्च कर सोलर प्लांट की स्थापना कराई जाएगी।

**जिलास्तर पर पूरा हो रहा क्लेम का ऑडिट, विसंगति की शिकायत अभी भी जारी**

# आयुष्मान ऑडिट एजेंसी के इंतजार में बीता 11वां महीना, अस्पतालों का भुगतान भी अटक रहा

**रायपुर।** आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत होने वाले इलाज के क्लेम का ऑडिट करने स्वास्थ्य विभाग 11 महीने बाद भी टीपीए एजेंसी तय नहीं कर पाया है। यह महत्वपूर्ण कार्य अभी भी जिलास्तर पर पूरा किया जा रहा है, जिसमें विसंगति की शिकायतें मिल रही हैं। साथ ही अस्पतालों में हुए पुराने इलाज का भुगतान अभी भी अटका हुआ है। एमबीबीएस डाक्टरों के जरिए क्लेम का ऑडिट कराने वाली पुरानी टीपीए कंपनी का अनुबंध फरवरी में समाप्त हुआ था। इसके बाद नई एजेंसी तय करने अब तक किसी तरह का कदम नहीं उठाया गया है।

हरिभूमि सरोकार

तर्क यह भी दिया जा रहा है कि आने वाले क्लेम की बराबर निगरानी नहीं होने की वजह से अनियमितता की शिकायतें बढ़ी हैं, जो राज्य में संचालित योजना की छवि को धूमिल कर रहा है। टीपीए कंपनी अपने एमबीबीएस डाक्टरों की टीम की मदद से अस्पतालों से आने वाले क्लेम की जांच करती थी और उसमें सामने आने वाली कमियों को पहले ही समाप्त कर लिया जाता था, इससे विवाद जैसी स्थिति नहीं बनती थी। पिछले साल फरवरी में टीपीए एजेंसी का अनुबंध समाप्त हो गया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नई एजेंसी तय करने अथवा पुराने से अनुबंध बढ़ाने में गंभीरता नहीं दिखाई। इससे क्लेम ऑडिट करने वाली एजेंसी के बिना 11 महीने बीत गए। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस दौरान जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को ऑडिट का काम दिया गया है।

### लंबित भुगतान पर की जा चुकी शिकायत

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने पिछले दिनों मुख्य सचिव विकासशील और स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को पत्र लिखकर आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों के लंबित भुगतान अतिशीघ्र करने की मांग की है। डॉ. गुप्ता ने उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया है कि छत्तीसगढ़ के निजी अस्पतालों को जनवरी से मार्च 2025 तक आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय योजना के तहत किए गए इलाज का पूर्ण भुगतान अभी भी प्राप्त नहीं हुआ है। कुछ समय पहले चुनिंदा अस्पतालों को इस अवधि का आंशिक भुगतान मिला था, अभी भी बहुत बड़ी राशि मिलनी बाकी है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकांश लंबित प्रकरण अस्पतालों का पक्ष जाने बिना, विधि विरुद्ध जिला और राज्यस्तरीय शिकायत निवारण समिति में एकतरफा निर्णय लेकर खारिज किया गया है, जो कि अन्यायपूर्ण कार्यवाही है।






हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

हिंदू समाज में सांस्कृतिक चेतना....

## सिटी लाइव

### स्टूडेंट्स परीक्षा के समय पढ़ाई के साथ-साथ खुद को शारीरिक व मानसिक रूप से भी रखें तरोताजा



**रायपुर।** हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा के स्टूडेंट्स एग्जाम की तैयारी में जुटे हुए हैं। विद्यार्थी स्कूल की कक्षाओं के अलावा ट्यूशन, सेल्फ स्टडी से परीक्षा में सफल होने पढ़ाई कर रहे हैं। 20 फरवरी से एग्जाम शुरू हो रहे हैं, ऐसे में परीक्षा के समय प्रेशर से बचने और बेहतर रिजल्ट हासिल करने स्टूडेंट्स के लिए एक बेहतर स्टडी प्लान के मुताबिक पढ़ाई कर रहे हैं। क्लास टीचर्स स्टूडेंट्स के लिए एग्जाम स्डटी प्लान करने में हर लेबल पर तैयारी करा रहे हैं। ताकि परीक्षा की तैयारी भी समय पर पूरी हो जाएगी और प्रेशर जैसी कोई भी चीज दिमाग में न रहे। यह एग्जाम स्टडी प्लान बता रहे हैं शिक्षाविद संजीव सूर्यवंशी। उन्होंने स्टूडेंट्स के लिए आगामी बोर्ड परीक्षा में बिना किसी मानसिक दबाव के बेहतर परिणाम हासिल करने का तरीका साझा किया है। उनके मुताबिक साइंस के स्टूडेंट्स पिछले टेस्ट या अभ्यास प्रश्नों का विश्लेषण करें। अपने अध्ययन समय को विभाजित करें। पहले मूल अवधारणाओं और बुनियादी बातों को समझने में समय दें। यदि ज़रूरत हो तो शिक्षक की मदद लें, ताकि उस विषय की समझ बेहतर हो सके।

#### शारीरिक व मानसिक रूप से तरोताजा रखने डाइट पर दें ध्यान

शिक्षाविद देवश्री गोयल का कहना है कि वीकली टेस्ट, प्री बोर्ड एग्जाम से मिले प्रश्नों को सूचीबद्ध करें। सिलेबस पढ़ाई के साथ-साथ खुद को शारीरिक व मानसिक रूप से तरोताजा रखने डाइट पर ध्यान और माइंड रिफ्रेशमेंट के तौर पर अपनी हॉबी व क्रिएटिव एक्टिविटी को रोजाना प्राथमिकता से करें। इससे निश्चित ही स्टूडेंट्स समय पर अपने सब्जेक्ट की तैयारी पूरी कर पाएंगे और बेहतर परीक्षा परीक्षा हासिल कर सकेंगे।

#### कठिन टॉपिक्स को दोहराएं

एक अध्याय पूरा करने के बाद अपनी सफलता का जश्न मनाएं, इससे प्रेरणा मिलेगी। नियमित अंतराल पर पहले से पढ़े हुए कठिन अध्यायों को दोहराएं, ताकि वे आपकी स्मृति में बने रहें। इस फ्लो चार्ट और रणनीति का उपयोग करके स्टूडेंट्स अपने समय का प्रभावी ढंग से प्रबंधन कर सकते हैं।

● सिविल लाइंस स्थित गांधी उद्यान में तीन दिवसीय फूल, फल, सब्जी प्रदर्शनी का भव्य समापन

# फूल, फल, सब्जी और पेड़ बनकर मंच पर पहुंचे नन्हें बच्चों ने सुनाया प्रकृति का गीत

सिविल लाइंस स्थित गांधी उद्यान में फूल, फल, सब्जी और पौधों की प्रदर्शनी का भव्य समापन हुआ। यह प्रदर्शनी तीन दिनों तक प्रकृति प्रेमियों का आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रदर्शनी प्रकृति की ओर सोसायटी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। रविवार को फूलों की प्रदर्शनी देखने प्रकृति प्रेमियों का तांता लगा रहा। फैमिली, युवा, स्कूली बच्चे सभी बोनसाई पौधे, किस्म-किस्म के रंग-बिरंगे फूलों को देख खुशी और उत्साह से भर उठे। यहां पहुंच कर बच्चे-बड़े सभी ने प्रकृति को नजदीक से जाना भी और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाते दिखे।




#### फार्मिंग, बागवानी और बोनसाई के माध्यम से प्रकृति से जुड़े

फल, सब्जी, फूलों और पौधों की फार्मिंग, बागवानी के माध्यम से स्वयं को प्रकृति से जोड़कर रखने के लिए लोगों ने वानिकी विभाग, बागवानी विभाग, कृषि विभाग के स्टॉल से कम लागत में उन्नत किस्म के फल, सब्जी, फूलों और पौधों की फार्मिंग और प्रोडक्शन के तरीके अपना कर प्रयोग करने व आर्थिक सहयोग एवं आत्मनिर्भर बनने की कला जानी।

**रायपुर।** प्रदर्शनी में फूलों और अन्य पौधों को लोग अपने घरों के गार्डन और बालकनी के लिए स्टॉल में खरीदी भी किए। प्रदर्शनी में फूलों की 50 से अधिक किस्मों में प्रमुख गेंदा, गुलाब, चमेली, रजनीगंधा, बोगनवेलिया, मोंगरा, अपराजिता, हरसिंगार और विभिन्न ऑर्किड जैसे भारतीय व विदेशी फूलों की सजी बगिया सजाने का कला बागवानी विशेषज्ञों से जाना। साथ ही शहरवासी को भी टैरेस गार्डनिंग, बागवानी, बोनसाई आर्ट, फूल, फल, सब्जी की खेती और उत्पादन की जानकारी ने प्रकृति को संवारने की ओर प्रेरित किया। प्रदर्शनी में फूलों की महक और सुंदरता ने प्रकृति प्रेमियों के चेहरे पर रौनक ला दिया। इस तीन दिवसीय फूल प्रदर्शनी से गांधी उद्यान प्रकृति से गुलजार हुआ।





#### प्रदर्शनी देखने उमड़ी लोगों की हुजूम

छुट्टी के दिवस होने के कारण गांधी उद्यान में प्रदर्शनी देखने लोगों की हुजूम उमड़ी। बच्चे-बड़े युवा, बुजुर्ग हर वर्ग के लोग पहुंचे। यहां बच्चे फूलों को देख कर मुस्कुराते रहे। वहीं, उद्यान में लगे झूले और फिसलपट्टी पर धूम- धड़ाका करते नजर आए। युवा स्टॉल पर अपने पसंद के फुल, पौधे व फल खरीदने में मस्त दिखे। प्रदर्शनी में बना नया विधानसभा भवन थीम में फूलों की प्रदर्शनी और नगर घड़ी फूल प्रदर्शनी में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी।



#### बच्चों ने मंच से दिया प्रकृति की संवारने का संदेश

फूल प्रदर्शनी में सोसायटी के बच्चों ने पेड़, सूर्य, फूल, पानी, हवा, एनीमल्स के गेटअप में मंच पर आकर प्रकृति को संवारने का सजीव संदेश दिया। प्रतिभागी बच्चों ने फैंसी ड्रेस, गीत, कविता से अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की इस प्रतिभा को आयोजक मंडल ने प्रमाण पत्र और गिफ्ट देकर मोटिवेट किया। साथ ही उन प्रतिभावान नन्हे बच्चों और उनके पेरेंट्स के साथ ग्रुप फोटो सेक्शन भी कराया। आयोजक मंडल ने पेरेंट्स और नन्हे बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता को समाज के लिए शुभ बताया। प्रतिभागी बच्चे गिफ्ट पाकर खुशी से फूलों की तरह खिल उठे।



## लाइव इवेंट

### सेंट पॉल्स स्कूल में वर्षों बाद नववर्ष मिलन पर गदगद हुआ 1983 बैच



**रायपुर।** बरसों पुरानी बातें एक बार फिर ताजा हो उठीं। समय की परत में दबा हर वो लम्हा आज फिर से जीवंत हो गया। अवसर था राजधानी के सेंट पॉल्स स्कूल के 1983 बैच के सहपाठियों और उनके परिजनों के 'नववर्ष मिलन समारोह' का। इस मौके पर बड़ी संख्या में पूर्व छात्र अपने जीवनसाथी के संग शामिल हुए। इस आयोजन के जरिए पुराने मित्रों की कड़ी अब और भी मजबूत होती चली गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों ने प्रो. राजेन्द्र लखपाले के सरगुजा यूनिवर्सिटी का कुलपति बनने पर शुभकामनाएं दीं। पिछले दिनों एन.के. डेविड सर की विशेष कक्षा के आयोजन के लिए अजय बिसेन व मेघेश तिवारी ने शिरीष तिवारी को धन्यवाद दिया। वहीं, 'फिर स्कूल चलें' कार्यक्रम के लिए डॉ. मेघेश तिवारी और सुयश शुक्ला ने पूरे जोश के साथ सभी का अभिवादन किया और निरंतर ऐसे कार्यक्रमों पर जोर दिया। अमित खेमका ने अपने सुरमयी गीतों से माहौल को संगीतमय बना दिया। इसके बाद सभी ने अपनी-अपनी कला और हुनर का परिचय दिया। कोरबा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत विशेष रूप से इस कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे थे। प्रो. अजय शर्मा और सुयश शुक्ला ने अपनी कविताओं व शेरो-शायरी से मुलाकात के इस दौर को शायराना बना दिया।



#### साझा किए अपने जीवन के अनुभव

भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त कमोडोर अजय बिसेन, राजधानी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजेश गुप्ता और विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने अपने कार्यानुभव साझा किए, जिन्हें सुनकर सभी मित्र भावविभोर हो उठे। इस पर सभी मित्रों ने खड़े होकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं (जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत और सामाजिक रूप से सक्रिय हैं) ने भी ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें प्रो. अजय शर्मा और डॉ. प्रशांत ने भी अपने विचार रखे। विदेशों में कार्यरत सहपाठियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यक्रम में शिरकत की। अधिवक्ता आदित्य झा, सुयश शुक्ला, डॉ. राजेश गुप्ता और आलोक दुबे के सहयोग से यह आयोजन सफल हो सका। वहीं, सारगर्भित टिप्पणी और संचालन का जिम्मा विकास दुबे, अभय देशलहरा, अतुल डागा और अनुराग अग्रवाल ने संभाला। अंत में सभी मित्रों ने अपने प्रतिष्ठित गुरुजनों को याद कर उन्हें धन्यवाद दिया। ग्रुप फोटो के साथ इस यादगार मिलन समारोह का समापन हुआ।

# कोई खरा-खरा सा लतीफा निकालना जीने में नयापन का सलीका निकालना...

**रायपुर।** एनआईटी में राजभाषा समिति द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के ख्यातिप्राप्त कवियों ने अपनी सशक्त रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। सम्मेलन में प्रसिद्ध कवयित्री मणिका दुबे, कवि स्वयं श्रीवास्तव और कवि दीपक शुक्ला की उपस्थिति देखने मिली, जिन्होंने अपना साहित्य का हुनर बखूबी दिखाया। कवि सम्मेलन में मणिका दुबे ने मंच संभाला और अपनी सुमधुर काव्यात्मक गायन शैली तथा श्रृंगार रस की सुसंस्कृत अभिव्यक्तियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी एक स्मरणीय रचना ने संबंधों में संवेदनशीलता और आशावाद को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने भावपूर्ण अंदाज़ में पाठ किया, 'कोई खरा-खरा सा लतीफ़ा निकालना, जीने में नयापन का सलीका निकालना, रिश्तों को तोड़ने के बहाने हज़ार हैं, रिश्तों को बचाने का तरीका निकालना....।' इसके बाद काव्य की बागडोर स्वयं श्रीवास्तव को सौंपी गई, जिनकी प्रस्तुति व्यंग्य और प्रेरणा का अद्भुत संगम रही। उन्होंने स्वर को प्रेरणा और दृढ़ संकल्प की ओर मोड़ते हुए अपनी सशक्त रचना से श्रोताओं को बांध लिया। उनकी कविता की पंक्ति 'पत्थर की चमक है, न नगीनों की चमक है, चेहरे पे सीना तान के जीने की चमक है, पुरखों से विरासत में हमें कुछ न मिला था, जो दिख रही है, खून-पसीने की चमक है...।' कार्यक्रम का समापन औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव और सभी कवियों को सम्मानित करने के साथ हुआ, जिसमें सम्मानित मेहमानों, आमंत्रित कवियों, फैकल्टी सदस्यों, आयोजकों और सभी प्रतिभागियों को उनकी बहुमूल्य उपस्थिति और योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।



#### हास्य और व्यंग्य से गुदगुदाया



कवियों की हास्य और व्यंगात्मक कविताओं ने इस कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को खूब गुदगुदाया। इस मौके पर एनआईटी के निदेशक प्रभारी डॉ. समीर बाजपेयी, डीन छात्र कल्याण डॉ. मनोज चोपकर, डीन योजना एवं विकास, डॉ. जीडी रामटेक्कर, लिटरेरी समिति के प्रोफेसर इन चार्ज डॉ. संजय कुमार, राजभाषा समिति के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. शारदा नंदन राव, डॉ. विकास कुमार विद्यार्थी, फैकल्टी सदस्य, कर्मचारी सभी ने कवि सम्मेलन का भरपूर आनंद लिया और हिंदी साहित्य के प्रति अपनी रुचि एवं सहभागिता व्यक्त की।

# महामाया मंदिर में पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन 22 फरवरी को, पंजीयन शुरू

**रायपुर।** सामाजिक संस्था रायपुर ब्राइट फाउंडेशन द्वारा सभी जाति व समाज की विधवा, विधुर और वैध तलाकशुदा महिला-पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आयुसीमा का कोई बंधन नही है। यह परिचय सम्मेलन 22 फरवरी को पुरानी बस्ती स्थित महामाया देवी मंदिर के सत्संग हाल में होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को बूढ़ापारा बिजली ऑफिस चौक स्थित संस्था के प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई।



संस्था के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर, महासचिव अनघा करकशे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि सम्मेलन में उम्रदराज महिला-पुरुषों के अलावा अविवाहित युवक-युवती व दिव्यांगजन भी शामिल हो सकेंगे। अधिक जानकारी व पंजीयन के लिए बुढ़ापारा चौक, बिजली आफिस के सामने स्थित ब्राइट फाउंडेशन के कार्यालय में संपर्क कर सकते है। दूरदराज से आने वाले प्रतिभागी कार्यक्रम दिवस को भी सम्मेलन स्थल पर पंजीयन करा सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए आधारकार्ड, फोटो सहित वैध दस्तावेज आवश्यक है। महिलाओं का पंजीयन निशुल्क रखा गया है। बैठक में अनघा करकशे, राधा राजपाल, राजेंद्र सरवैया, रामभरोसा अग्रवाल, चंपालाल साहू, नारायण प्रसाद सेन, जितेंद्र सेन, आभास करकसे, दीपाली धर, सुषमा ध्रुव, शुभ्रा बनर्जी, मांडवी कौशिक, सीमा कटंकार, लक्ष्मी जिल्हारे, किरण यादव, दुर्गा जैन, अनिता देवांगन, लीला साहू सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

निजी कार्यक्रम में शामिल होने अभिनेता रणदीप हुड्डा रविवार को पहुंचे थे रायपुर

# किरदार अच्छा हो या बुरा, उसमें खुद को ढालना ही एक्टर की असली चुनौती

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा रविवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और यहां की फिल्मों की जमकर तारीफ की। प्रेसवार्ता में रणदीप ने कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ को पहले भी एक्सप्लोर किया है। यहां बन रही फिल्में अपनी भाषा और संस्कृति को करीब से जानने का एक सशक्त माध्यम हैं। रणदीप हुड्डा ने प्रदेश के विकास की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति काफी समृद्ध है। बाहर लोगों में नक्सली समस्या को लेकर एक भ्रम था, लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। छत्तीसगढ़ में अब काफी विकास हुआ है।

#### 'मंत्री जी को कमरे में बंद कर दूंगा'



फिल्म इंडस्ट्री में अपने गजब के बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के लिए मशहूर रणदीप ने कहा कि फिटनेस उनके काम का ही एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह शरीर बेशकीमती है और इसका ध्यान रखना बेहद जरूरी है, जिसके लिए एक लक्ष्य होना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम में मंत्री राजेश अग्रवाल भी मौजूद थे। रणदीप ने उनके साथ हंसी-ठिठोली करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर उन्हें मंत्री राजेश अग्रवाल को फिट बनाना हो, तो वह उन्हें एक कमरे में बंद कर देंगे और खाने के लिए कुछ नहीं देंगे। अभिनेता की इस बात पर वहां मौजूद सभी लोग मुस्कुरा उठे।

#### वीर सावरकर जीवन की सबसे प्रेरणादायक फिल्म

*अपनी बहुचर्चित फिल्म 'स्वतंत्र्य वीर सावरकर' पर बात करते हुए रणदीप ने इसे अपने जीवन की सबसे प्रेरणादायक फिल्म बताया। अभिनय की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी इंसान अच्छे से अच्छा और बुरे से बुरा किरदार निभा सकता है, लेकिन अलग-अलग भूमिकाओं में खुद को ढालना एक कलाकार के लिए बड़ा चैलेंज होता है।*

## समाज लाइव

# सकल जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मीनाक्षी लेखी से मुलाकात



**रायपुर।** जैन धर्म की महान विभूतियों पर आधारित शोधपरक प्रस्तावित पुस्तक 'भारत के दिव्य चरित्रः जैनत्व से प्रेरणा' के संदर्भ में सकल जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी से भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस प्रतिनिधिमंडल में विकास दुग्गड़ (सी.ए.), चंद्रकांत लुंकड, प्रवीण कुमार जैन, उत्तम संखलेचा, हर्ष बैद एवं गगन बरड़िया सम्मिलित थे। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने श्रीमती लेखी को पुस्तक की अवधारणा, उद्देश्य तथा इसकी सामाजिक एवं राष्ट्रीय उपयोगिता से अवगत कराया। यह कृति सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य से लेकर डॉ. विक्रम साराभाई तक, जैन परंपरा से प्रेरित 13 महान विभूतियों के जीवन, त्याग एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को शोधपरक रूप में प्रस्तुत करेगी।

### जैन दर्शन के सिद्धांत इस युग में प्रासंगिक हो चुके हैं

श्रीमती लेखी ने चर्चा के दौरान कहा कि प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव द्वारा प्रतिपादित 'असि-मसि-कृषि' आधारित इकोलॉजिकल जीवन प्रणाली तथा जैन दर्शन के सिद्धांत आज के ग्लोबल वार्मिंग और युद्ध के प्रति आतुर इस युग में सर्वाधिक प्रासंगिक हो चुके हैं। उन्होंने इस शोधपूर्ण पुस्तक को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह कृति वैश्विक स्तर पर विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरक संसाधन सिद्ध होगी। उन्होंने पुस्तक को द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी) रूप में प्रकाशित करने की योजना की सराहना की और इसके व्यापक सामाजिक प्रचार-प्रसार के लिए उपयोगी सुझाव भी दिए।

## सर्व हिंदू समाज द्वारा शहर में जगह-जगह संत-महंतों और प्रबुद्धजनों की अगवाई में किया गया विराट हिंदू सम्मेलन

# हिंदू समाज में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के प्रति सजगता बढ़ाने सशक्त पहल

'सर्व हिन्दू समाज की पहल पर रविवार को शहर में जगह-जगह विराट हिन्दू सम्मेलन संतों-महंतों और प्रबुद्धजनों की अगुवाई में किया गया। हिन्दू समाज में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के प्रति सजगता बढ़ाने के लिए सशक्त पहल की गई। इस क्रम में अलग-अलग क्षेत्र में पारंपरिक तरीके से कलश यात्रा और मंत्रोच्चार की गूंज के बाद हिन्दू समाज को सजग करने के लिए उद्बोधन से पहले बच्चों द्वारा सांस्कृति प्रस्तुतियों से लोगों को जोड़ने का प्रयास किया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति के हाथों में अब भी समाज के निर्माण और इसे पतन से बचाने का दायित्व ज्यादा है। आयोजनों में मातृ शक्ति की सहभागिता ज्यादा देखने को मिली।'





### सशक्त अर्थव्यवस्था के कारण सांस्कृतिक आघात

हिन्दू सम्मेलन में बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने प्रथम वक्ता के रूप में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर मातृ शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज को समझने के लिए परिवार को समझना जरूरी होता है। गायत्री परिवार की ओर से विशिष्ट अतिथि रहीं उर्मिला नेताम ने मातृ शक्ति को समाज की शक्ति, लक्ष्मी और सरस्वती बताते हुए कहा कि समाज के निर्माण और पतन दोनों की जिम्मेदारी महिलाओं के हाथ में है। अगर नारी शक्ति आदर्श समाज का निर्माण करने की पहल करें तो नव निर्माण भी संभव है। छत्तीसगढ़ प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने बताया कि देशभर में एक लाख हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। भारत की औद्योगिक शक्ति और सशक्त अर्थव्यवस्था के कारण सांस्कृतिक आघात के प्रयास हो रहे हैं। महापुरुषों के बलिदान को याद करते हुए सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण का आह्वान किया।



**रायपुर।** विराट हिन्दू सम्मेलन के इस क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में सर्व हिन्दू समाज एवं मातृ शक्ति द्वारा दोपहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इनका स्वागत लोगों ने पुष्प वर्षा से किया। यह कलश यात्रा सांस्कृतिक एकता, सामाजिक सहभागिता का सशक्त माध्यम बना। धार्मिक गीत-संगीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को आस्था का माहौल दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पहल और सर्व समाज की सशक्त सहभागिता से सजाए गए मंच से सोनपैरी स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम के संत देवकर महाराज ने सर्व हिन्दू समाज द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन की उपयोगिता बताई। साथ ही विधर्मियों द्वारा किए जा रहे कुत्सित प्रयासों का जिक्र करते हुए बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार और धर्मांतरण के प्रयासों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि जातिगत भेदभाव मिटाकर हिन्दुत्व की भावना से सहभागिता और एकजुटता बढ़ाने की जरूरत है।

### शहर के इन 12 स्थानों पर किया गया भव्य सम्मेलन



गुढ़ियारी के टोप्पो मैदान में संघ प्रचारक नकुल सिंह, पुरानी बस्ती इनडोर स्टेडियम पार्किंग में डॉ. सुनील दास, प्रोफेसर कॉलोनी में मनीष कश्यप, विवेकानंदनगर पेंशन बाड़ा में महानगर प्रचारक मनोज कश्यप, माना बस्ती में महानगर कार्यवाह भारत भूषण वर्मा, माधव नगर जोरापारा आरडीए बिल्डिंग में सह कार्यवाह अमोल गोरे, तात्यापारा नया पारा में टीबी. मिश्रा, वीर सावरकर नगर महोबा बाजार में विश्व हिन्दू परिषद के घनश्याम चौधरी, टिकरापारा में हरदेव लाला मंदिर परिसर में डॉ. चन्दन अग्रवाल ने सम्मेलन को गति देने का दायित्व निभाया। इसी तरह शंकर नगर और राजा तालाब में विजय सुरजन ने लोगों के बीच प्रमुखता से अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की यात्रा को सेवा, संस्कार और संगठन की प्रेरणादायी गाथा बताया।

### दुर्गा के सभी शस्त्रों से की गई मां भारती की आरती

मोवा पानी टंकी के पास आयोजित सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ. पुर्णेन्दु सक्सेना ने कहा कि संघ के 100 वर्षों की यात्रा सेवा, संस्कार और संगठन की यात्रा है। उन्होंने हिन्दू समाज से आह्वान किया कि संगठित होकर सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं, प्रोफेसर कॉलोनी में भारत सेवाश्रम द्वारा भारत माता की शस्त्र आरती की गई। यह आरती अखंड भारत के मानचित्र के समक्ष किया गया। इसमें मां दुर्गा के सभी शस्त्रों से मां भारती की आरती की गई।

### ब्राह्मण पारा में किया गया विराट हिन्दू सम्मेलन

ब्राह्मण पारा और कंकालीपारा के संयुक्त प्रयास से विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन इनडोर स्टेडियम पार्किंग स्थल पर किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता की तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया गया। मुख्य वक्ता रहे संयुक्त संचालक आयुष सुनील कुमार दास ने छत्तीसगढ़ शासन के पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए संघ के शताब्दी वर्ष पर चर्चा की। पंडित राघवेंद्र प्रसाद शास्त्री ने सनातन धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दिनचर्या में परिवर्तन करने एवं नशामुक्त होने का युवाओं से आह्वान किया। रिटायर्ड शिक्षिका कमला तिवारी, विधायक सुनील सोनी और विजय अग्रवाल ने भी लोगों को संबोधित किया।

## धर्म लाइव

# श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग पर झूमे भक्त कथा से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**रायपुर।** हीरापुर तेंदुआ में मनहरण और बबीता दुबे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ महोत्सव के छठवें दिन आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री ने रुक्मणी विवाह का मंगलमय प्रसंग सुनाया। इस दौरान उन्होंने भक्तों को धर्म के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी समझाया। शास्त्री ने कहा कि वृक्षों और ऑक्सीजन के बिना जीवन की कल्पना दुर्लभ है। विदेशों में प्रकृति केवल उपभोग की वस्तु है, जबकि भारत में युगों से नदी और पेड़ों की पूजा होती रही है। उन्होंने देश की 140 करोड़ आबादी से आह्वान किया कि जन्मदिन और त्योहारों पर एक पेड़ लगाने का संकल्प अवश्य लें। भगवान कृष्ण की गोवर्धन पूजा और गौ-सेवा हमें प्रकृति प्रेम का ही संदेश देती है। कथा व्यास ने जीवन में अहंकार और आडंबर त्यागने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपसी प्रेम और सद्भाव से ही मनुष्य और सनातन धर्म का उत्थान संभव है। कथा के अंत में भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी जी के विवाह की सुंदर झांकी सजाई गई। वर-वधू रूप में भगवान की पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ आज की कथा संपन्न हुई।

# स्टार्टअप, वेल केयरिंग, सपोर्टिव जैसी गुड क्वालिटी हो, वही लाइफ पार्टनर के लिए परफेक्ट

## दो दिवसीय एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का समापन

**रायपुर।** एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन में प्रतिभागी युवतियों ने जहां अपने होने वाले जीवन साथी में स्टार्टअप, वेल केयरिंग और सपोर्टिव गुड क्वालिटी होना जरूरी बताया, वहीं युवकों ने होने वाली जीवन संगनी में फैमिली को जोड़कर रखने, सिंपल-संस्कारी, लेकिन शिक्षित होने की चाहत बताई। इस दो दिवसीय एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन में देश भर से बड़ी संख्या में समाज के एजुकेटेड व प्रोफेशनल युवक-युवतियों ने हाई टेक्नोलॉजी मंच के माध्यम से अपने लिए जीवन साथी की तलाश किया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल एवं संयोजकद्वय कन्हैया अग्रवाल, हरि वल्लभ अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षित युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्टूडियो में व्यवस्थित परिचय प्रक्रिया, उन्नत तकनीकी से 300 प्रत्याशियों ने अपना परिचय दिया व एक हजार प्रत्याशियों के बायोडाटा पुस्तिका का प्रकाशन किया गया। यह परिचय सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के तत्वावधान में रामस्वरूप निरंजन धर्मशाला वीआईपी रोड में 10 व 11 जनवरी को हुआ। इसमें देश भर से विवाह योग्य युवक-युवती अपने परिजनों के साथ पहुंचे।








### परिचय सम्मेलन समाज में आज के समय की जरूरत

इस अखिल भारतीय एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन के समापन समारोह में सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने परिचय सम्मेलन को समाज में आज के समय की जरूरत बताते हुए कहा कि समाज का यह आयोजन बच्चों के स्वप्न को साकार करता है, उन्हें सामाजिक परिवेश में उत्कृष्ट जीवन साथी चयन करने मंच उपलब्ध कराता है। इस दो दिवसीय आयोजन ने समाज को एक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं आधुनिक वैवाहिक परिचय मंच प्रदान किया है।

### आयोजन में ये रहे उपस्थित

युवक-युवती परिचय समापन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल उपस्थित रहे। वहीं, आयोजक पदाधिकारियों में प्रदेश कोषाध्यक्ष क्षितिज अग्रवाल एवं महामंत्री पंकज अग्रवाल ने जानकारी दी कि सम्मेलन की सफलता में समाज के कई वरिष्ठजनों, महिला शक्ति एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बताया कि महिला प्रदेश अध्यक्ष संध्या अग्रवाल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रीति अग्रवाल, महामंत्री रीना गेवाडीन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया गोयल, हरीश अग्रवाल, सुरेश चौधरी, सुरेश अग्रवाल, मानस अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, कमल गुप्ता, कैलाश छापरिया, त्रिपत जैन, राजेश केड़िया, सतेंद्र बिंदल सहित कई पदाधिकारियों का आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अतिथियों ने अपने संबोधन में आयोजन की अनुशासित व्यवस्था, आधुनिक दृष्टिकोण एवं समाजहित में इसके महत्व की सराहना करते हुए आयोजक टीम को बधाई दी।

# छात्रों को दिखाई ग्लोबल कॅरियर की राह, बताईं विदेश में शिक्षा की बारीकियां



**रायपुर।** जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा के अवसरों एवं सुविचारित कॅरियर योजना के प्रति मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से एक ज्ञानवर्धक वैश्विक शिक्षा एवं कॅरियर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। यह पहल प्रमुख वैश्विक शिक्षा सलाहकारों के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। इस सत्र में विद्यार्थियों को विदेश में अध्ययन के विकल्पों, वैश्विक विश्वविद्यालयों, छात्रवृत्तियों, आवेदन प्रक्रियाओं तथा अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों में उभरते कॅरियर मार्गों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, व्यक्तिगत परामर्श (वन-ऑन-वन गाइडेंस) के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक क्षमताओं के अनुरूप भविष्य के कॅरियर लक्ष्यों का निर्धारण करने में सहायता मिली। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. सी. खंकेरियाल ने आज के प्रतिस्पर्धी विश्व में वैश्विक अनुभव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यालय की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण से जागरूक एवं कॅरियर के लिए तैयार करना भी है। सत्र के दौरान संवादात्मक चर्चाएं, कॅरियर काउंसलिंग खंड तथा प्रवेश प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की आकांक्षा रखने वाले वरिष्ठ विद्यार्थियों को विशेष लाभ हुआ।

## आराधना

# मन में प्रेम और समर्पण का भाव होने से भगवान सर्वत्र विद्यमान



**रायपुर।** विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट रायपुर शाखा द्वारा अवधपुरी मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में संतश्री चिन्मयानंद बापू ने रविवार को कथा के पंचम दिवस आरती के बाद प्रभु श्री कृष्ण की बाल लीला और गोवर्धन लीला को प्रसंगवत किया। संतश्री ने कहा कि भगवान सर्वत्र हैं, बस उनके प्रति मन का भाव और प्रेम का होना जरूरी है। समाज में सभी वर्ग के लोगों की जरूरत होती है। बस कार्य बंटे हुए हैं। सभी अपना-अपना कार्य सम्मान से कर रहे थे, परंतु अंग्रेजों और नेताओं ने जाति के आधार पर विभाजन किया। अब जब संत समाज को एकजुट करने लगे हैं तो सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी छबि को धूमिल किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ बहुत ही पावन धरा है, जहां जगह-जगह मंदिर हैं। गांव-गांव में धार्मिक आयोजन होते रहते हैं, इसलिए बच्चों को मंदिर अवश्य लेकर जाएं।

### आज रास-लीला एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग

कथा प्रसंगों के बीच संगीतमय भजनों में श्रद्धालु झूमते-नाचते रहे। मुख्य रूप से दूधाधारी मठ के सर्वराकार राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, मुख्य सचिव दयानंद पाण्डेय, सीएम के ओएसडी रवि मिश्रा भी कथा श्रवण करने पहुंचे। इनका संतश्री ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। यजमान जितेन्द्र अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक वैद्य, चन्द्रचूड़ त्रिपाठी, रोहित मिश्रा, आशीष तिवारी, नितिन कुमार झा ने आरती एवं व्यवस्था में शामिल रहे। सोमवार को संतश्री द्वारा रास-लीला एवं कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग की कथा सुनाई जाएगी।

## भारतीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी में हर वर्ग को मिल रहा 11 राज्यों के शिल्पियों द्वारा तैयार किया गया हैण्डीक्राफ्ट

# महिलाओं को भा रही काथा वर्क साड़ी, एक्सपो में गलीचे और कालीन खरीदना पसंद कर रहे लोग

कार्नर न्यूज

रायपुर। शहर में जब भी देश के अलग-अलग राज्यों से आने वाले हस्तशिल्पियों द्वारा प्रदर्शनी सजाई जाती है, लोग वहां अपनी जरूरत और पसंद के लिहाज से खरीदी के लिए पहुंचते हैं। इनमें महिलाओं से अच्छा रिस्पांस मिलता है। इसे देखते हुए ऑफिसर्स कॉलोनी के पास सांई नगर में भारतीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी सजाई गई है। देवेन्द्र नगर मुख्य मार्ग के पास सजाए गए बाजार में आसपास के लोग ही नहीं, बल्कि इस रूट से आने-जाने लोग भी कुछ समय हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट एक्सपों में रुकते हैं। महिलाओं को बंगाल की चर्चित काथा वर्क साड़ी भा रही है। इस बाजार में गलीचे और कालीन भी लोगों को पसंद आ रहे हैं। जहां छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, बंगाल, कश्मीर, पंजाब, बिहार, हरियाणा, मध्यप्रदेश और कर्नाटक के शिल्पियों ने प्रदर्शनी सजाई है।





### रंग फैलते नहीं और धागे को नुकसान नहीं पहुंचाते

भदोही से आए शहजान ने हस्तशिल्पियों द्वारा तैयार किए गए गलीचे और कालीन की प्रदर्शनी एक्सपो के एंट्री पाइंट पर सजाई है। इससे पहले लोगों की नजर वहां सजाए गए कालीन और गलीचों पर पड़ती है। एक्सपो में खरीदी के लिए आने वाले लोग उनसे कई सवाल भी करते हैं। इसका जवाब देते हुए शहजान बताते हैं कि इसे पर्यावरण के अनुकूल तैयार किया हैं। ग्लोबल ऑर्गेनिक टेक्सटाइल स्टैंडर्ड प्रमाणित रंग हैं। इसके रंग फैलते नहीं और धागे को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इससे गलीचा ज़्यादा टिकाऊ बनता है। कारीगर सूत को एक पहिये जैसे ढांचे पर लपेटते और फिर उसे रंग के उबलते हुए बर्तनों में डुबाकर रखते हैं, ताकि उनको मनचाहा रंग मिल सके।

### लोगों की जरूरत के अनुरूप तैयार करते हैं जूट बैग

वहीं, सुफैल ने बताया कि जूट के बैग बनाने की प्रक्रिया लोगों की जरूरत को देखते हुए की जाती है। केवल उच्च कुशल कारीगर ही इस प्रक्रिया को कर सकते हैं। कच्चे जूट के रेशों को इकट्ठा करने के बाद, उनसे धागा तैयार किया जाता है। फिर इन रेशों को उनके गुणों को बढ़ाने के लिए कई रासायनिक प्रक्रियाओं से संसाधित किया जाता है। जूट के छोटे थैले और बैग एक शिल्पी दिनभर में तीन से चार बना लेते हैं, जो लोगों को 100 रुपए में भी मिल जाता है। वहीं, बड़े बैग और थैले को बनाने में एक दिन लगता है। इसे लोगों को 500 रुपए की रेंज में बेचते हैं। इसकी सफाई और रख-रखाव आसान होने से लोग इसे खरीद भी रहे हैं, ज्यादातर लोग गिफ्ट देने के लिए लेते हैं।

### लाल प्रिंट और जामदानी साड़ी महिलाओं की पसंद

बंगाल से आए हफीबुल शेख के पास महिलाएं बंगाल की चर्चित काथा वर्क साड़ी खरीदने के लिए पहुंचती है। उन्होंने बताया कि गर्मी के सीजन में वैवाहिक आयोजनों का सिलसिला तेज हो जाता है। ऐसे समय के लिए महिलाएं पारंपरिक शिल्पियों द्वारा तैयार की गई साड़ियों को पहनना पसंद करती हैं। अभी लाल प्रिंट और जामदानी साड़ी को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इसे आकर्षक स्वरूप देने के लिए डिजाइनर्स साड़ियों जैसा लुक और प्रिंट मिलने से महिलाएं काथा वर्क साड़ियों को खरीदने में रुचि ले रही हैं। एक से पांच हजार रुपए की रेंज में होने से वर्किंग वुमन्स ज्यादा पसंद करती हैं। एक साड़ी बनाने में दो से तीन दिन लगता है, उसी लिहाज से दर तय होती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में एमजीएम की जीत, तरूण रहे प्लेयर ऑफ द मैच



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) द्वारा आयोजित अंतरशालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को शानदार मुकाबले हुए। सेक्टर-9 के मैदान में टीम एमजीएम सेक्टर-6 ने हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल दुर्ग के विरुद्ध 66 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में एमजीएम टीम 317 रन पर आउट हुई। आदित्य सिंह एवं सिद्धार्थ ने 56-56 रन बनाए। सुफियान ने 53 रन और आयुष प्रसाद ने 52 रन बनाए। गेंदबाजी में हेरिटेज स्कूल के प्रीसीत शर्मा एवं आयुष ने तीन-तीन विकेट लिए। विशाल ने दो विकेट एवं तरुण ने एक विकेट लिया। बल्लेबाजी में हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल टीम 251 रन पर आउट हो गई। तरुण ने 135 रन और अनंत गुप्ता ने 60 रन बनाए। गेंदबाजी में एमजीएम लक्ष्य ने चार विकेट एलन ने तीन विकेट और अनुराग ने दो विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच तरुण को भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने पुरस्कृत किया। मैच के अंपायर मोहम्मद दाऊद अंसारी एवं सुनील कुमार डड़सेना और स्कोरर विनोद देवघरे थे।

### रोलिंग मिल और संयुक्त टीम के बीच होगा क्रिकेट का फाइनल

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट इंस्ट्रूमेंटेशन



विभाग की अंतर अनुभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को विभिन्न टीम के बीच मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में ब्लास्ट फर्नेस की टीम ने पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन को चार विकेट से पराजित किया। प्रथम सेमी फाइनल में रोलिंग मिल ने ब्लास्ट फर्नेस को 9 विकेट से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में एसएमएस-3 एवं वे ब्रिज की संयुक्त टीम ने कोक ओवन की टीम को 8 विकेट से पराजित किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रोलिंग मिल एवं एसएमएस-3 एवं वे ब्रिज की संयुक्त टीम के मध्य खेला जाएगा। इस अवसर पर इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के मुखिया मधु पिल्ले, रवि शंकर सीजीएम टी एन डी, भूतपूर्व जीएम इंचार्ज एसके केसकर, जी के कुंडू, ए एम डैनी, राणा प्रताप सिंह, अश्विनी द्विवेदी, जमील अहमद, पीयूष मिश्रा, एस रेड्डी और वी एन राव उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के अंपायर हिमाचल साहू एवं नुगेश्वर डेहरिया, स्कोरर विनोद देवघरे एवं कमेंटेटर आशुतोष शुक्ला एवं अनिल मिश्रा थे।

### केशव राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन में निभाएंगे राष्ट्रीय निर्णायक की भूमिका

**भिलाई।** 70 वी जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन



प्रतियोगिता 24 से 26 जनवरी तक तिरुनेलवेली, तमिलनाडु में आयोजित की जाएगी। इस स्पर्धा में बस्तर जिले के खेल प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक केशव केशकर का चयन निर्णायक के रूप में किया गया है। राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के सभी पदाधिकारियों ने केशव को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### अखिल भारतीय यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता में 5 खिलाड़ियों का चयन



**रायपुर।** एलपीयू फगवारा यूनिवर्सिटी पंजाब में 15 से 18 जनवरी तक होने वाले अखिल भारतीय यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बस्तर यूनिवर्सिटी के कोच मरूतिनन्दन मरकाम के मार्गदर्शन पुरुष वर्ग में 60 किलो ग्राम में मोहम्मद मुसेफ गाजी, 73 किलो ग्राम यशवंत पाण्डे, 81 किलो ग्राम विनायक यादव और महिला वर्ग 52 किलो ग्राम में श्रष्टि नेगी, 70 किलो ग्राम मिश्रित उर्वाषा इनमें शामिल हैं। सभी खिलाड़ी और कोच 12 जनवरी को पंजाब के लिये रवाना होंगे। सभी खिलाड़ियों को संघ के अध्यक्ष किरण सिंह देव, सचिव अब्दुल मोईन व यूनिवर्सिटी के प्राध्यापकों ने बधाई दी है।

### रविवि की बॉल बैडमिंटन टीम अखिल भारतीय चैम्पियनशिप के लिए रवाना



**रायपुर।** अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन (पुरुष) चैम्पियनशिप का आयोजन 14 से 17 जनवरी तक भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पंडित रवि शंकर विश्वविद्यालय की पुरुष बॉल बैडमिंटन टीम सहभागिता करेगी।


---

#### बदलती जीवन शैली के चलते वजन पर नियंत्रण रखना जरूर

# सही खान-पान के बाद भी कम नहीं हो रहा है वजन तो दिनचर्या में आज ही से करें बदलाव

सही खान-पान के बावजूद भी अगर आपका वजन कम नहीं हो रहा है, तो आपको अपने रूटीन में कुछ बदलाव करने चाहिए। डाइट के अलावा और भी कई चीजें वजन पर असर डालती है। वजन कम करने के लिए सही डाइट लेनी चाहिए। डाइट में प्रोटीन, कार्ब्स, हेल्दी फैट्स और फाइबर समेत सभी चीजों को शामिल करना चाहिए। वहीं, अनहेल्दी चीजों से दूर रहना चाहिए। सही डाइट के अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं, जो आपके वजन पर असर डाल सकती हैं और जिनके बारे में आपको जानकारी नहीं है। जी हां, जब भी वजन कम करने की बात आती है, तो सिर्फ डाइट पर ही ध्यान दिया जाता है, लेकिन वेट लॉस के लिए और भी कई चीजें जरूरी है।

सही खान-पान के बाद भी अगर आपका वजन कम नहीं हो रहा है, तो आपको अपने रूटीन में कुछ बदलाव करने चाहिए। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही बदलावों के बारे में बता रहे हैं, जो वेट लॉस के लिए जरूरी हैं। इस बारे में डाइटिशियन सिमरन कौर जानकारी दे रही हैं। सिमरन सर्टिफाइड डाइटिशियन, योगा और हार्मोन हेल्थ कोच हैं।



## स्ट्रेस हार्मोन पर दें ध्यान



आपके वेट गेन और खासकर बेली फैट की वजह स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल का लेवल भी हो सकता है। शरीर में कोर्टिसोल का लेवल बढ़ने का असर सिर्फ मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक सेहत पर भी होता है। अगर आप तनाव में हैं, तो सही डाइट के बाद भी वजन कम करने में मुश्किल आ सकती है। इसलिए, वजन कम करने के लिए स्ट्रेस को मैनेज करने पर ध्यान दें।

## स्लीप साइकिल करें सही

स्लीप साइकिल का सही होना भी वेट लॉस के लिए जरूरी है। नींद पूरी न होने पर आपके एनर्जी लेवल और डाइजेशन पर असर हो सकता है। हेल्दी रहने और वजन कम करने के लिए 7-8 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। अगर आप देर रात तक जागते हैं, सही समय पर नहीं सोते हैं या फिर सोने-जागने के टाइमिंग सही नहीं हैं, तो इस आदत को बदलें।

## खाने की टाइमिंग पर दें ध्यान

वेट लॉस के लिए डाइट का सही होना जरूरी है



लेकिन साथ ही मील टाइमिंग भी सही होना चाहिए। अगर आप ब्रेकफास्ट स्किप कर रहे हैं, डिनर हैवी ले रहे हैं, तो इससे वेट लॉस नहीं होगा। वेट लॉस के लिए हेल्दी चीजों को सही समय पर खाएं। ब्रेकफास्ट स्किप न करें। डिनर 7-8 बजे तक कर लें और कोशिश करें कि डिनर और अगले दिन ब्रेकफास्ट के बीच में कुछ न खाएं।

# सर्दियों में शरीर को गर्म रखने करें योगासन, नियमित अभ्यास से ठंडक से मिलेगी राहत

सर्दियों में खुद को गर्म रखने के लिए लोग रजाई में बैठे रहते हैं, बहुत सारे ऊनी कपड़े, अंगीठी या हीटर का उपयोग करते हैं। हालांकि बहुत अधिक ठंड बढ़ने के कारण यह सारे उपाय शरीर को अंदर से गर्माहट नहीं दे पाते सर्दी के कारण शरीर ठंडा रहता है और ठिठुरन महसूस करता है। अगर शरीर को गर्माहट न मिले तो सर्दी-जुकाम या बुखार होने की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में शरीर को गर्माहट पहुंचाने के लिए योगासन फायदेमंद है। कुछ योगासन शरीर को अंदरूनी तौर पर गर्म रखने में मदद करते हैं, साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव करते हैं। यहां सर्दी में शरीर गर्म रखने के योगासन दिए जा रहे हैं।



## उष्ट्रासन

मैट पर पीठ के बल लेटकर हाथों को बगल में रखें। अब धीरे-धीरे अपने पैरों को घुटनों से मोड़कर हिप्स के पास ले आएं। हिप्स को जितना हो सके फर्श से ऊपर की तरफ उठाएं। कुछ देर के लिए इस स्थिति में सांस को रोककर रखें और फिर सांस छोड़ते हुए वापस पूर्ववत अवस्था में आ जाएं।

## सर्वांगासन

सर्वांगासन करते समय पीठ के बल लेट जाएं। दोनों पैर आपस में जोड़ते हुए बांहों और हथेलियों को जमीन की दिशा में रखें। हथेलियों से जमीन को दबाते हुए दोनों पैरों को छत की दिशा में सीधी उठाएं। हिप्स और कमर को जमीन से ऊपर उठाते हुए कोहनी को मोड़कर कमर पर रखें। अपने हाथों से सहारा देकर शरीर को 90 अंश के कोण में रखें। कुछ सेकेंड इसी अवस्था में रह

## सेतुबंधासन

सेतुबंधासन करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं। अब पैरों को कंधे की चौड़ाई से अलग करते हुए घुटनों को मोड़ लें। हथेलियों को खोले और हाथ बिल्कुल सीधा जमीन पर सटा लें। सांस लेते हुए कमर के हिस्से को ऊपर की ओर उठाएं और कंधे व सिर को सपाट जमीन पर टिका कर रखें। बाद में सांस छोड़ते हुए पुरानी स्थिति में आ जाएं।

## नौकासन

इस योग के अभ्यास के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेटें और हाथों को शरीर के बगल में रखें। गहरी सांस लें और अपनी छाती और पैरों को ऊपर उठाएं। बाहों को अपने पैरों की ओर फैलाएं। आपकी आंखें, उंगलियां और पैर की उंगलियां एक सीध में होनी चाहिए। पेट की मांसपेशियों पर दबाव बनाने के लिए अपने नाभि क्षेत्र में तनाव महसूस करें। कुछ समय तक इस स्थिति में बने रहें और फिर पूर्ववत आ जाएं।

# पोंगल पर तैयार करें चावल से बना ये खास व्यंजन



जिस तरह से उत्तर भारत में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है, ठीक उसी तरह से दक्षिण भारत में बड़े हर्षोल्लास के साथ पोंगल मनाया जाता है। दक्षिण भारत में ये त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इसे साल का पहला सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। इस दिन की तैयारी काफी-काफी दिनों पहले से ही शुरू हो जाती है। लोग इस त्योहार पर काफी खूबसूरती से साथ अपना घर सजाते हैं। तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में पोंगल का त्योहार चार दिन तक मनाया जाता है। हर साल की तरह इस साल पोंगल पर्व की शुरुआत 15 जनवरी 2024 से हो रही है और इसका समापन 18 जनवरी को होगा। ऐसी मान्यता है कि पोंगल के दिन से ही तमिल नववर्ष की शुरुआत होती है। इसी के चलते इस दिन लोग पारंपरिक तरीके से कई तरह के पकवान बनाते हैं। अगर आप भी इस बार कुछ पारंपरिक बनाने का सोच रहीं हैं तो इमली के चावल आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। आज हम आपको इसे बनाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं। अगर आप इमली वाले चावल बनाने का सोच रहीं हैं तो सबसे पहले चावल को धोकर इसे पकने के लिए रख दें। इसे आपको 3-4 सीटी तक पकाना है। जब चावल पक जाए तो इसे निकाल कर अलग बर्तन में रख दें। इसके बाद एक कटोरी में इमली और गरम पानी डालकर तकरीबन एक घंटे के लिए भिगो दें। जब ये अच्छी तरह से भीग जाए तो इमली को निचोड़ कर इसका गूदा निकाल दें। इसके बाद अब चावल तैयार करने की प्रकिया शुरू करें। इसके लिए आपको सबसे पहले एक पैन में सभी खड़े मसालों को डालकर अच्छी तरह के मिक्स करते हुए भूनें।



# इस सप्ताह इन 5 भाग्यांकों को मिल सकता है धन लाभ

अंक ज्योतिष आपके भाग्यांक के अनुसार आने वाले भविष्य की जानकारी देता है। हम हर सप्ताह ऐसी ही भविष्यवाणियां आप तक पहुंचाते हैं। आइए आज उसी क्रम में न्यूमेरोलॉजिस्ट डॉ. मधु कोटिया से जानें 12 से 18 जनवरी के अंक ज्योतिष भविष्यफल के बारे में विस्तार से।

**भाग्यांक-1 :** इस सप्ताह आप खुशियों और संतोष से भरे क्षणों का अनुभव कर सकते हैं। आपकी प्रगति और आशावाद की भावना से वृद्धि हो सकती है। आपकी सकारात्मक ऊर्जा चेतना में सीधे प्रभाव डाल सकती है, जिससे लोग आपकी ओर आकर्षित हो सकते हैं क्योंकि आप हर परिदृश्य में सकारात्मकता की ऊर्जा को सहजता से प्रस्तुत करते हैं। आपने अपनी आकांक्षाओं में जो समर्पण किया है उसे प्रतिबिंबित करते हुए, आपने प्रगति की है जिससे आप विस्मित रहेंगे। आप अपने प्रयासों में जो मेहनत कर रहे हैं, उसका फल बहुत जल्दी ही मिलने वाला है, जिससे सराहनीय परिणाम प्राप्त होंगे। इसका शुभ अंकः 8 , शुभ रंग : फ्यूशिया और शुभ दिनः रविवार है।

**भाग्यांक 2:** आत्म-विकास के इस निर्णायक चरण में, अब आपके द्वारा उठाए गए कदम भविष्य की सफलता को स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। आप प्रगति को धीरे-धीरे होते हुए देख सकते हैं, लेकिन महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने की आपकी क्षमता इस सप्ताह स्पष्ट हो



जाएगी। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अपने आंतरिक लचीलेपन का उपयोग करें और संभवत अपनी कड़ी मेहनत को मान्यता और सम्मान प्राप्त करते हुए पाएं। इसका शुभ अंकः 2, शुभ रंग : गुलाबी और शुभ दिनः गुरुवार है।

**भाग्यांक 3:** आने वाले दिनों में आप एक पुनर्जीवित करने वाले साहसिक कार्य पर जाने के लिए तैयार हैं। आप अपने मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य में एक सुखद संतुलन का अनुभव करेंगे, जो सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा कि दूसरे आपको कैसे देखते हैं। साहस की वृद्धि और एक सकारात्मक दृष्टिकोण आपके जीवन में एक पुराने अध्याय से एक नई शुरुआत की ओर परिवर्तन का प्रतीक होगा। आप तृप्ति और आंतरिक शांति की गहन भावना से घिरे रहेंगे, जो आपके अस्तित्व के हर पहलू को समृद्ध करेगा। इसका शुभ अंकः 15, शुभ रंग : कीनू और शुभ दिन शनिवार है।

**भाग्यांक 4:** यह सप्ताह आपके जीवन के विभिन्न पहलुओं में महत्वपूर्ण विकल्प चुनने का महत्वपूर्ण समय है। चुनौतियों का सामना करने की आपकी ताकत और क्षमता प्रमुखता से प्रदर्शित होगी। आप ख़ुद को कुछ जटिल सामाजिक गतिशीलता से जूझते हुए पा सकते हैं, जिसके लिए सावधानीपूर्वक और बुद्धिमानी से निपटने की आवश्यकता होगी।ऐसा प्रतीत होता है कि वित्तीय स्थिरता क्षितिज पर है, जो एक ऐसी जीवनशैली का मार्ग प्रशस्त कर रही है जो अधिक आनंद और आराम की अनुमति देती है। आपका सहानुभूतिपूर्ण पक्ष अधिक दिखाई देगा, क्योंकि आप जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए आकर्षित होंगे। इसका शुभ अंकः 10, शुभ रंग : बरगंडी और शुभ दिनः शुक्रवार है।

**भाग्यांक 5:** इस सप्ताह आप खुद को सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर और नए अवसरों से निपटने के लिए उत्सुक पाएंगे। आप कुशलतापूर्वक एक ऐसी यात्रा का प्रबंध कर रहे हैं जो आपके व्यक्तित्व और कार्य क्षेत्रों को सामंजस्यपूर्ण रूप से मिश्रित करती है, विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाने में आपकी प्रतिभा का प्रदर्शन करती है। यह अवधि आपकी आंतरिक शक्ति और आपके उत्थानकारी प्रभाव को उजागर करती है। इसका शुभ अंकः 3, शुभ रंगः एक्वामरीन और शुभ दिनः मंगलवार है।

**भाग्यांक- 6:** नई नौकरी खोजने में आपके हालिया प्रयास प्रभावशाली रहे हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि आप जिन परिणामों की उम्मीद कर रहे हैं, उन्हें सामने आने में थोड़ा अधिक समय लग रहा है। आपकी मेहनत और लगन स्पष्ट है, फिर भी ऐसा लग रहा है कि तत्काल वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा। हालाँकि, निराश मत होइए। जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता है, अधिक लाभकारी अवसरों की खोज करने की आपकी संभावनाएं बेहतर होती जाती हैं।
















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बाफ्टा की दौड़ में सबसे आगे लियोनार्डो की 'वन बैटल आफ्टर...'



इन दिनों ब्रिटिश अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) अवॉर्ड के नॉमिनेशन चर्चा में हैं। हाल ही में उन फिल्मों के नाम साझा किए गए हैं, जिनका नॉमिनेशन अवॉर्ड के लिए हुआ है। फाइनल वोटिंग राउंड के बाद जल्द ही ऑफिशियल नॉमिनेशन भी सामने आएंगे। लेकिन पहले राउंड में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म ने बाजी मारी है। हाल ही में बाफ्टा अवॉर्ड के लिए पहली नॉमिनेशन लिस्ट जारी की है। एक फाइनल लिस्ट आना अभी बाकी है। लेकिन पहली लिस्ट में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा देखने को मिला। इस फिल्म ने बाफ्टा में लगभग 16 नॉमिनेशन अपने नाम किए हैं। ऐसे में लियोनार्डो डिकैप्रियो के फैंस को उम्मीद जगी है कि फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बाफ्टा अवॉर्ड में विजेता बनने की तरफ बढ़ रही है। 'वन बैटल आफ्टर अनदर' फिल्म ने पहले राउंड के बाद 16 नॉमिनेशन हासिल किया है। यह बाफ्टा अवॉर्ड की लॉन्ग लिस्ट में सबसे आगे चल रही है। लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म यूएस में बढ़ते अतिवाद और ध्रुवीकरण पर आधारित है। यह एक पॉलिटिकल सटायर फिल्म है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो का किरदार भी बहुत दमदार नजर आता है। 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट अडैप्टेड स्क्रीनप्ले के लिए नॉमिनेशन मिला है। वहीं फिल्म के लीड स्टार्स डिकैप्रियो, चेज इंफिनिटी, टेयाना टेलर, बेनिसियो डेल टोरो और सीन पेन के साथ बेस्ट परफॉर्मेंस लिस्ट में भी दबदबा बनाया है। बाफ्टा की पहला नॉमिनेशन लिस्ट में क्लो झाओ की 'हैमनेट' और रयान कूगलर की 'सिनर्स' भी शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## अल्लू ने दी 'पुष्पा' निर्देशक सुकुमार को जन्मदिन की खास बधाई



सुकुमार साउथ फिल्म 'रंगस्थलम' और 'पुष्पा' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशन के लिए प्रसिद्ध हैं। सुकुमार आज अपना 55 वां जन्मदिन मना रहे हैं। इसी मौके पर 'पुष्पा' एक्टर अल्लू अर्जुन ने अपने निर्देशक को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही अल्लू ने सुकुमार के जन्मदिन पर एक प्यारा नोट भी लिखा है।

अल्लू ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म 'पुष्पा' के सेट से एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर फिल्म 'पुष्पा' के सेट की है, जिसमें अल्लू और सुकुमार 'पुष्पा' के सेट पर कई और लोगों के साथ नजर आ रहे हैं। सभी के चेहरों पर बड़ी खिलखिलाती

### छॉलीवुड

## 'जान लेबे का' की डबिंग जारी, जल्द रिलीज होगी समूचे छत्तीसगढ़ में



निर्माता लक्ष्मी प्रकाश जायसवाल (अंबिकापुर) और निर्देशक आलेख चौधरी की बड़े बजट की छत्तीसगढ़ फ़िल्म "जान लेबे का" की डबिंग इन दिनों स्वप्निल डिजिटल स्टूडियो में युद्ध स्तर पर जारी है। फ़िल्म में मन कुरैशी, लक्षित झांझी, संजय बत्रा और मनमोहन सिंह ठाकुर प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आएंगे, जबकि फ़िल्म की हीरोइन दीक्षा जायसवाल एवं काजल सोनबेर हैं। फ़िल्म जल्द ही दर्शकों के बीच रिलीज़ होने जा रही है, जिसे लेकर टीम में खासा उत्साह है।

### भोजपुरी

## 'फ्री का दूल्हा' का ट्रेलर रिलीज, बेटे ने मां के खिलाफ जाकर बिना दहेज रचाया ब्याह



एक्टर ऋषभ कश्यप की फिल्म 'फ्री का दूल्हा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। उनके साथ रक्षा गुप्ता और अनिता रावत जैसी हीरोइनें हैं और ये ट्रेलर बड़ा ही दमदार है। फिल्म 'फ्री का दूल्हा' के ट्रेलर की बात करें तो ये 3 मिनट और 32 सेकेंड का है। इसमें दिखाया गया है कि दूल्हों की सेल लगी हुई है और वे ठेले पर बिक रहे हैं।

भोजपुरी फिल्मों के दर्शक केवल यूपी-बिहार में ही नहीं बल्कि पूरे देश में हैं। जब फिल्में आती हैं और उन्हें लोग देखने जाते हैं तो खुद ही गुणगान करने लग जाते हैं। पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे स्टार्स की फिल्में तो बहुत देखी जाती हैं लेकिन कुछ ऐसी भी भोजपुरी मूवीज हैं जो दमदार स्टारकास्ट न होने के बावजूद चल जाती हैं। ऐसी ही एक फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। भोजपुरी फिल्म 'फ्री का दूल्हा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है और इसमें स्टार्स के एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म में भोजपुरी एक्टर ऋषभ कश्यप हैं जो गोलू बने हैं। एक्ट्रेस रक्षा गुप्ता और अनिता रावत अपने रोल्स में चंज रही हैं। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी काफी बढ़िया है।




मशहूर यूरोपियन मॉडल टॉम फोर्ड, राल्फ लॉरेन, प्राडा, मैकक्वीन और मैक्स मारा को लंदन फैशन वीक में अपने शरीर के मध्य भाग (मिडरिफ) की नुमाइश करने में कोई गुरेज नहीं रहा। इनके लिए डिजाइनर ने भी ब्रा-टॉप लेयर्स वाले सूट बनाए, जो इन्हें बिल्कुल एक नया लुक दे रहे थे। दर्शकों को यह कलेक्शन पसंद आया।

# पैरों की ड्राईनेस को कम करेगा कच्चा दूध

पैरों की देखभाल करने के लिए आप बाहरी क्रीम की जगह घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप हफ्ते में 2 बार तक पेडीक्योर कर सकती हैं। ड्राईनेस बढ़ने के कारण पैरों की त्वचा में मॉइस्चर खत्म होने लगता है और ऐसा सर्दी के मौसम में ज्यादातर देखा जाता है। इसके लिए आप घरेलू चीजों जैसे कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं और अपने पैरों की ड्राईनेस को कम कर सही तरीके से पोषण दे सकती हैं। कच्चा दूध त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। कच्चा दूध त्वचा को नमी देने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा को मॉइस्चराइज रखने में मदद करता है। नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। त्वचा को मुलायम रखने में शहद बेहद मददगार साबित होता है। इसके अलावा यह स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए मदद करता है। पैरों की देखभाल करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 4 चम्मच शहद की डालें। इसमें 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन




दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर पैरों की त्वचा पर लगा लें। पैरों की त्वचा पर कम से कम 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें। आप चाहे तो हल्के हाथों के दबाव से पैरों पर मसाज कर सकती हैं। पानी और कॉटन की मदद से पैरों पर लगे शहद और दूध को साफ कर लें। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 4 बार कर सकती हैं। पहली ही बार में इस घरेलू नुस्खे का असर आपको नजर आने पड़ेगा। कच्चा दूध पैरों की ड्राइनेस (रूखेपन) को कम करने में बहुत प्रभावी है क्योंकि इसमें मौजूद लैक्टिक एसिड डेड स्किन हटाता है, जबकि इसके फैट और विटामिन त्वचा को गहराई से नमी और पोषण देते हैं, जिससे पैर मुलायम और हाइड्रेटेड रहते हैं। इसे पैरों को धोने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, या दूध और नमक के गर्म पानी में पैरों को भिगोकर, और फिर शहद/दही का मास्क लगाकर भी ड्राइनेस दूर की जा सकती है।

### कच्चे दूध के फायदे

मॉइस्चराइजरः दूध के प्राकृतिक तेल और वसा त्वचा की नमी को रोकते हैं, जिससे ड्राईनेस खत्म होती है। एक्सफोलिएशनः लैक्टिक एसिड मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है, जिससे त्वचा मुलायम बनती है। पोषणः विटामिन ए, डी और ई त्वचा की मरम्मत करते हैं और उसे स्वस्थ बनाते हैं। दूध और नमक का फुट बाथः एक टब में गुनगुना पानी लें, उसमें आधा कप कच्चा दूध और 1-2 चम्मच नमक मिलाएं। 10-15 मिनट तक पैरों को डुबो कर रखें। मसाज रुई के फाहे से कच्चे दूध को सीधे पैरों पर लगाएं या दूध में थोड़ा सा शहद मिलाकर मसाज करें। मास्कः शहद और दही के साथ मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं और उसे फटी एड़ियों पर लगाएं, फिर धो लें।

## नॉर्मल तरीके से साड़ी पहनकर हो गई हैं बोर तो इन स्टाइलिंग टिप्स को करें ट्राई



साड़ी स्टाइल करना अगर आपको पसंद है तो इसके लिए आपको अलग-अलग तरीके भी ट्राई करने चाहिए। इससे आपका साड़ी लुक अच्छा लगेगा साथ ही आपको कुछ नए तरीके से साड़ी स्टाइल करने का मौका मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप सही ट्रिक्स को अपनाएं। इससे साड़ी अच्छे से बंधेगी साथ ही आप सुंदर लगेगी।

### लहंगा स्टाइल साड़ी



आप साड़ी को सिंपल तरीके से पहनने की बजाएं अलग तरीके से भी ड्रेप कर सकती हैं। लहंगा स्टाइल आजकल काफी ट्रेंड में है और अच्छा भी लगता है इस तरीके से साड़ी पहनने के लिए पहले आपको साड़ी में प्लीट्स बनानी होगी और उसे कमर पर अटैच करना होगा। इसके बाद मैचिंग दुपट्टे को पिन करना होगा। इससे आपकी साड़ी बिल्कुल लहंगे स्टइल में बंध जाएगी। इसके बाद आपको इसमें बेल्ट लगानी हैं और इसे पिन करके अच्छी सी ज्वेलरी के साथ वियर करनी है। इससे आप और भी सुंदर लगेगी।

### बेल्ट के साथ साड़ी करें स्टाइल



अगर आपको लगता है कि साड़ी में आपकी बेली अच्छी नजर नहीं आ रही है तो ऐसे में आपको जरूरत है बेल्ट (ट्रेडिशनल लुक) की इसे साड़ी के ऊपर स्टाइल करके आप अपने साड़ी लुक को और अच्छा बना सकती हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले साड़ी को उसी तरीके से बांधना है जैसे बांधती हैं फिर इसमें बेल्ट को अटैच करना है। इसके बाद कुछ एक्सेसरीज एड करनी है। इस तरीके से आपकी साड़ी काफी अच्छी लगेगी। इस तरीके से साड़ी बांधकर आप पार्टी या फिर किसी फंक्शन को भी अटेंड कर सकती हैं।

### स्कर्ट स्टाइल साड़ी करें ड्रेप

अगर आपको साड़ी को अलग तरीके से ड्रेप करना है तो इसके लिए आप स्कर्ट स्टाइल से भी साड़ी को वियर कर (स्लिम लुक के लिए साड़ी स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इससे भी वो काफी अच्छी लगेगी। इसके लिए आपको साड़ी में आगे की तरफ प्लीट्स बनानी है और पिन की मदद से सेट करनी है। फिर साड़ी का मैचिंग दुपट्टा लेना है इसे या तो आप हाथों में ले सकती हैं।

## चेहरे को चमकाएंगे अनार से बने ये फेस पैक, जानें इसे बनाने का तरीका



घर पर ही अनार का फेसपैक बना कर दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए अनार और पपीते का पेस्ट बनाकर इसे चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगाएं। इसके बाद इसे सादे पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक को लगाने से आपके चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो जाएंगे। इससे आपकी स्किन खिली-खिली भी रहेगी। अक्सर लोग मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल क्लींजर की तरह करते हैं। ऐसे में आप अनार के साथ इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए अनार के रस में एक घंटे के मुल्तानी मिट्टी को भिगो कर रख दें। जब ये फूल जाए तो थोड़ा सा रस और मिलाकर इस पैक को चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे के बाद चेहरे को धो दें। इस पैक को बनाने के लिए आपको एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच कॉफी पाउडर और अनार का रस मिलाना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर इसे अच्छे से मिक्स करें। कुछ समय के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो दें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। वैसे तो एवोकाडो काफी महंगा आता है, लेकिन अगर दमकती त्वचा पाना चाहते हैं, तो इसका इस्तेमाल अवश्य करें इसके लिए आपको बस एवोकाडो को मैश करके इसमें अनार का पेस्ट अच्छे से मिलाना है। इसे अपने चेहरे पर लगाकर आप ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।

## पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालेंगे दुपट्टे के ये खास डिजाइंस

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको आउटफिट के हिसाब से स्टाइलिंग करनी चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी लुक से इंस्पायर हो सकती हैं। स्टाइलिश दिखने के लिए हम आए दिन अपने लुक में कई तरीके के बदलाव करते रहते हैं। वहीं लोहड़ी का त्योहार आने वाला है और इस त्योहार के मौके पर हम अक्सर पंजाबी स्टाइल के सलवार-सूट को पहनते हैं।

पंजाबी स्टाइल सूट के साथ में अक्सर हम हैवी दुपट्टे को स्टाइल करते हैं और इसके लिए डिजाइन भी ट्रेडिशन के हिसाब से ही चुनते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालने के लिए सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लोहड़ी लुक नजर आए सबसे खूबसूरत।

### गोटा-पट्टी वर्क दुपट्टा डिजाइन

आजकल गोटा-पत्ती डिजाइन काफी चलन में नजर आ रहा है। वहीं इसमें आप खुद प्लेन दुपट्टे का फैब्रिक खरीदकर अलग से गोटा-पत्ती लेस का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की गोटा-पट्टी लेस आप चाहे तो सूट पर भी लगवा सकती हैं।



कार्नर न्यूज

नए दौर में 'बन' है मेंस फैशन की खास पहचान

# 'मैन बन' है आपका स्टाइल तो कुछ जरूरी टिप्स आपको बनाएंगे और भी शानदार

'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे।

### 'मैन बन' बनाने के आसान टिप्स

'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

### कैसे-कैसे 'मैन बन'

बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई



पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।

### हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।

### लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बनया जाता है।

### फेड के साथ मैन बन

ये एक ऐसा बन है जिसके लिए आपको अक्सर सैलून जाना होगा। इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।

### बन एंड बियर्ड

याद रखिए ये वो स्टाइल है जिसमें हर तरह के बाल चल जाते हैं, जैसे स्ट्रेट या कर्ली। इस लुक में सिर पर बन होता है तो बियर्ड भी ठीक से बढ़ाई गई होती है।

### किस पर सूट करेगा 'मैन बन'

जैसे सभी हेयर स्टाइल चेहरे के आकार के हिसाब से सूट करते हैं, ठीक वैसे ही 'मैन बन' भी हर चेहरे पर सूट नहीं करता है। जैसे टॉप नॉट उन पुरुषों पर अच्छा लगता है जिनका बोन स्ट्रक्चर बहुत डिफाइन नहीं होता है। क्योंकि इसके साथ चेहरा लंबा नजर आ सकता है। इसके साथ चेहरा पतला भी नजर आता है। टॉपनॉट को अगर दाढ़ी के साथ मैच किया जाए तो ये काफी मेस्क्युलिन स्टाइल बन जाता है।

### हेयर टाइप भी है जरूरी

याद रखिए 'मैन बन' की स्टाइल पर बालों के टाइप का भी असर पड़ता है।

